12 14 मार्च को नेशनल लोक अदालत सुलझाया जाएंगे विवादित मामले





14 रिसाली एमआईसी ने 305 पेंशन के नए आवेदनों को किया मंजूर









**जिले में तेजी से बढ़ रही ठगी, पिछले दो साल से ज्यादा मामले सामने आ रहे**

# 6 साल में ऑनलाइन से 10 करोड़ व डिजिटल अरेस्ट से डेढ़ करोड़ से अधिक की धोखाधड़ी

डॉ. संदीप उपाध्याय ⏭दुर्ग

जिले सहित पूरे राज्य में पिछले दो सालों में ऑनलाइन और डिजिटल अरेस्ट के जरिए ठगी के मामले तेजी से बढ़े हैं। दुर्ग जिले की बात करें यहां पिछले 6 सालों में 10 करोड़ 61 लाख 86 हजार 185 रुपए और डिजिटल अरेस्ट के जरिए 1 करोड़ 94 लाख 99 हजार 743 रुपए की ठगी की गई है।

दुर्ग पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ऑनलाइन ठगी की रकम से 66 लाख 50 हजार तीन रुपए की राशि होल्ड कराई और 22 लाख 77 हजार 950 रुपए की राशि वापस दिलाई। वहीं डिजिटल अरेस्ट के मामलों में पुलिस ने 1 करोड़ 45 लाख 98 हजार 673 हजार रुपए होल्ड कराए और 10 लाख 80 हजार 298 रुपए लोगों को वापस दिलाए हैं। दुर्ग पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक ऑनलाइन ठगी और डिजिटल अरेस्ट के सबसे अधिक मामले 2024 और 2025 में सामने आए हैं। ऑनलाइन ठगी के मामलों की बात करें तो 2020 में तीन 2021 में एक, 2022 में दो, 2023 में तीन, 2024 में 19 और नवंबर 2025 तक 15 मामले सामने आए हैं। वहीं डिजिटल अरेस्ट के केस की बात की जाए तो 2024 में दो और 2025 में 6 मामले सामने आए हैं।

## साल 2024-25 में तेजी से बढ़े ठगी के मामले, पुलिस और लोगों की सतर्कता से कई करोड़ रुपए होल्ड, कई लोगों की राशि लौटी



### बड़ी संख्या में की गई ठगों की गिरफ्तारी

दुर्ग पुलिस ने 6 सालों में ऑनलाइन ठगी के 62 आरोपियों को चिन्हांकित किया है। इसमें से 40 को गिरफ्तार किया जा चुका है और 22 आरोपी फरार चल रहे हैं। वहीं डिजिटल अरेस्ट के मामले में 18 आरोपियों के नाम सामने आए हैं। इसमें 16 आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं और 2 फरार हैं।

### थाने में तुरंत करें शिकायत



“पुलिस साइबर ठगी को लेकर लोगों को जागरूक करती रहती है। लोगों से अपील है कि किसी प्रकार की साइबर ठगी से संबंधित काल, लिंक या बैंकिंग जानकारी दूसरे से साझा न करें। किसी भी संदिग्ध लेन-देन की सूचना तत्काल साइबर हेल्प लाइन 1930 या निकटतम थाने में करें।

-विजय अग्रवाल, एसएसपी दुर्ग

### डिजिटल अरेस्ट और ऑनलाइन ठगी से बचने के लिए रहें अलर्ट

- डरें नहीं, तुरंत कार्यवाही न करें, याद रखें, कोई भी कानूनी कार्रवाई फोन पर नहीं की जाती।
- निजी जानकारी और पैसा साझा न करें, क्योंकि बैंक कर्मचारी, पुलिस, सीबीआई या कस्टम अधिकारी कभी भी आपका पिन, ओटीपी, पासवर्ड या बैंक विवरण नहीं मांगते हैं।
- वीडियो कॉल से सावधान रहें, यदि कोई अधिकारी वर्दी में वीडियो कॉल करे, तो भी उस पर विश्वास न करें और तुरंत कॉल काट दें।
- अज्ञात लिंक और ऐप्स से बचें, किसी भी अनचाहे ईमेल, संदेश या सोशल मीडिया पर आए लिंक पर क्लिक न करें।
- अगर कोई अधिकारी होने का दावा करता है, तो आधिकारिक वेबसाइट से नंबर लेकर सीधे उनके दफ्तर में कॉल करके पुष्टि करें कि वो सही है या नहीं।
- अपने सभी डिजिटल अकाउंट्स (बैंक, सोशल मीडिया, ईमेल) के पासवर्ड मजबूत रखें और समय-समय पर बदलते रहें।
- अगर ठगी का शिकार हो जाएं तो सबसे पहले तुरंत 1930 (नेशनल साइबर क्राइम हेल्पलाइन) पर कॉल करें या cybercrime.gov.in पर रिपोर्ट दर्ज कराएं। अपने बैंक को सूचित करके खाता व कार्ड ब्लॉक कराएं। इसके बाद नजदीकी थाने को सूचना दें।

# कोर्ट के स्टे के बाद भी विवादित जमीन में तोड़फोड़ और मारपीट, एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



जमीन पर स्टे मिलने के बाद भी आरोपी ने जबरन जान से मारने की धमकी देकर गाली गलौज कर न्यायालय के आदेश का अवहेलना करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी अमित चंद्राकर के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(3) के तहत जुर्म दर्ज किया है। पुलगांव पुलिस ने बताया कि वर्धमान नगर शनिचरी बाजार दुर्ग निवासी सुनील जैन पेश से व्यापारी हैं। कोलिहापुरी में गीता देवी चंद्राकर, प्रहलाद चंद्राकर, मोहन, हिमकर, परमेश्वर, हेमलाल, संजय के नाम पर जमीन है। जहां तीन बड़े भवन, दो गोदाम, एक गौशाला, एक पानी टंकी है। उक्त जमीन में उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा किसी भी प्रकार का निर्माण और तोड़फोड़ नहीं करने 4 जनवरी को स्टे आदेश पारित किया है। उस जमीन को गीता बाई, प्रहलाद चंद्राकर की ओर से देखरेख के लिए वसीयतनामा, आम मुख्तयारनामा के माध्यम से पावर आफ अटर्नी सुनील जैन को दी गई है। इसके अलावा मोहन चंद्राकर, हेमलाल चंद्राकर,चितरेखा चंद्राकर द्वारा बिक्री का इकरारनामा सौदा किया है। रकम भी मिल गई है जिस कारण सुनील जैन उस जमीन का देखरेख करने व आने जाने का अधिकार रखता है। 12 फरवरी की दोपहर रमा साहू से जानकारी मिली की कुछ लोगों द्वारा कोलिहापुरी स्थित जमीन में निर्माण भवन में तोड़फोड़ कर हटाया जा रहा है। सुनील जैन ने बताया कि अमित चंद्राकर के खिलाफ अपराधिक प्रकरण दर्ज करने न्यायालय का शरण ली जाएगी। स्टे के बावजूद जबरन का दबंगई दिखाते हुए मारपीट तोड़फोड़ किया गया।

### भवन में कर रहा था तोड़फोड़

पुलिस ने बताया कि जमीन का हाईकोर्ट से स्टे होने के बाद भी स्वरूप को परिवर्तन करके न्यायालय के आदेश का अवमानना किया गया। रमा साहू, लगन जैन के साथ जाकर देखाने पर नेहरू नगर निवासी अमित चंद्राकर पिता हीमकर चंद्राकर अपने कुछ साथी के साथ जमीन पर बने भवन को तोड़ कर रहे थे। जिसे लेकर सुनील ने तोड़फोड़ करने से मना करने पर अमित चंद्राकर जान से मारने की धमकी देकर गाली गलौज कर रहा था। अमित ने हाथ मुक्का व ठोस वस्तु से मारपीट किया है। मारपीट करने पर सुनील जैन के बाएं गाल, बांए पैर, बाएं कंधे में चोट आई है।

## भाजपा नेता ने दुकान लगाने को लेकर की मारपीट, दोनों पक्षों के खिलाफ अपराध दर्ज

**भिलाई।** भाजपा नेता के मारपीट मामले में पुलिस दोनों पक्षों के खिलाफ अपराध कायम कर जांच में लिया है। जामुल पुलिस ने बताया कि एमपीबी चौक जामुल निवासी भाजपा नेता चंद्रहाश गिरी गोस्वामी ने शिकायत किया है कि रूखडनाथ मंदिर नारधा में रूद्र महायज्ञ एवं भंडारा का कार्यक्रम प्रस्तावित किया। जिसे लेकर 12 फरवरी की शाम रूखडनाथ मंदिर नारधा में पहुंचे नागा साधु के साथ बैठकर चर्चा कर रहा था। इस दौरान रामगिरी गोस्वामी उर्फ भीम पहुंचा। दुकान नारियल अगरबत्ती और होटल को पीछे करके लगाना यज्ञ में भीड होने की संभावना होने की बात कही। इसे लेकर पीड़ित ने दुकान नही हटाने का हवाला देते हुए गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्के से मारपीट किया। कुछ देर बाद उसके परिवार के हर्ष पूरी गोस्वामी , शुभम पुरी गोस्वामी ,परमेश्वर गिरी गोस्वामी भी पहुंचे। साजिश कर उसके साथ मारपीट करना शुरु कर दिया। घटना में दाहिने पैर के जांध , दाहिने कंधा , मुंह और सीने में चोट आई है। वहीं पुलिस ने राम गिरी गोस्वामी की शिकायत पर पुलिस ने चंद्रहास गिरी गोस्वामी के खिलाफ भी अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। थाना प्रभारी जामुल रामेन्द्र सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। दुकान को लेकर मारपीट हुआ है।

**खबर संक्षेप**

### डिवाइडर में टकराने से युवक की मौत

**भिलाई।** सड़क हादसे में बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई। घटना की जानकारी लगने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि खुर्सीपार निवासी भूपेन्द्र यादव अपनी बाइक सीजी 11एई 8440 में दोस्त के साथ सवार होकर हथखोज काम कर निकला था। इस दौरान एमआर कंपनी के पास अचानक साइकल सवार सामने आ गया। जिसे बचाने के चक्कर में बने डिवाइडर से टकरा गया। जिससे भूपेन्द्र के सिर समेत शरीर पर चोट लग गई। जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक के साथ बाइक पर सवार अन्य युवक को भी चोट आई है। दूसरे साथी को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। मृतक भूपेन्द्र का मूल निवास उत्तर प्रदेश का रहने वाला है यहां किराए के मकान में निवास करता था। पुलिस आरोपी का पता लगाने के लिए आसपास लगे सीसी कैमरों को खंगाल रही है। घटना की सूचना परिजनों को दी गई है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## गैंगरेप के फरार आरोपी बीएन और संजय ने किया कोर्ट में सरेंडर



संजय पंडित व बीएन पांडेय ने किया सरेंडर।



अमित वर्मा गिरफ्तार।

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

नाबालिग के साथ हुए गैंगरेप मामले में फरार रसूखदार दो आरोपियों ने न्यायालय दुर्ग में सरेंडर किया है। वहीं एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के मुताबिक आरोप है कि नेहरू नगर निवासी बीएन पांडेय (भीम नारायण) ने नाबालिग को पीडब्लूडी विभाग में नौकरी लगवाने में मदद की थी। नाबालिग से व्हाट्सअप पर उसके न्यूड वीडियो मंगवाया था। इसी का डर दिखाकर करीब 7 सालों तक उसके साथ अनाचार करता रहा। दूसरा आरोपी ठेकेदार संजय पंडित है। जिस पर होटल रेस्ट हाउस प्रबंध करने का आरोप है। इसने नौकरी से निकलवाने का डर दिखाकर युवती से रेप किया था। दोनों फरार आरोपियों ने 13 फरवरी को दबाव के कारण कोर्ट में सरेंडर कर दिया है। गैंगरेप की पीड़िता ने महिला थाने में शिकायत की थी। मामले में अब सभी 6 आरोपी पुलिस गिरफ्त में है। वहीं सेक्टर-10 निवासी अमित वर्मा को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गैंगरेप मामले में अब तक 7 आरोपी पुलिस गिरफ्त में है। पकड़े गए आरोपी में चार आरोपी रसूखदारों में बीएन पाण्डेय, संजय पंड़ित, कृपाशंकर उर्फ राजू कश्यप, अमित वर्मा है। वहीं आरोपी अनिल चौधरी, गोविंद सिंह, विजय स्वाईं भी बड़े नामों में गिनती आते है। शुक्रवार को बीएन पाण्डेय, संजय पंड़ित समेत अन्य आरोपियों को रिमांड लेने के बाद पुलिस पूछताछ करेगी। आरोपियों से अहम जानकारी हासिल हो सकती है।

## वैलेंटाइन डे पर पुलिस का पहरा असामाजिक तत्वों पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

वैलेंटाइन डे 14 फरवरी को कानून व्यवस्था बनाए रखने और असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर नियंत्रण रखने आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए व्यवस्था में पुलिस जुटी हुई है। जिले में पर्यवेक्षण के लिए 1 एएसपी, 5 सीएसपी और 30 थाना थाना प्रभारियों को सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गई है। थाना चौकी क्षेत्रों में 33 अतिरिक्त पेट्रोलिंग पार्टियां तैनात की गई हैं। जो पार्क, गार्डन, मॉल, प्रमुख बाजार, पर्यटन स्थल, अन्य भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर गश्त करेंगी। 21 प्रमुख स्थानों पर फिक्स प्वाइंट में पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। जहां पुलिस बल निरंतर मौजूद रहेगा। महिला सुरक्षा टीम को पृथक रूप से पुलिस तैनात कर पार्क, सार्वजनिक स्थलों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं।

- एक एएसपी पांच सीएसपी और 3 थाना प्रभारी तैनात
- 33 पेट्रोलिंग पार्टियां, 21 फिक्स प्वाइंट भी
- महिला सुरक्षा को लेकर बनी है टीम

इसके अलावा डायल 112 कंट्रोल रूम और रिजर्व बल को तुरंत प्रतिक्रिया के लिए अलर्ट मोड में रखा गया है। ट्रैफिक शाखा द्वारा प्रमुख चौक-चौराहों पर अतिरिक्त बल लगाकर ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष योजना लागू की गई है। सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि किसी भी प्रकार की अवांछित गतिविधि, हुड़दंग, कानून व्यवस्था भंग करने के प्रयास पर कार्रवाई किया जाएगा।






**आज सुबह पाली में भी नहीं होगी पेयजल की सप्लाई**

# चार वार्डों में दो दिन से पेयजल समस्या से जूझ रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

चंद्रा-मौर्या स्थित पानी टंकी का आउटलेट वाल्व खराब हो जाने की वजह से चार वार्डों में पेयजल व्यवस्था प्रभावित है। वाल्व को भिलाई निगम द्वारा बदलवाया जा रहा है। इस संधारण कार्य की वजह से शुक्रवार शाम पाली में चार वार्ड के लोगों को पेयजल की आपूर्ति नहीं हो पाई। 14 फरवरी को भी सुबह पाली में पानी की सप्लाई नहीं हो पाएगी। हालांकि निगम का दावा है कि शाम पाली में पेयजल पहुंचा देंगे लेकिन जिस तरह संधारण कार्य चल रहा है इससे समय पर पानी देना मुश्किल है।



**इन वार्डों में नहीं पहुंचा पेयजल:** चंद्रा-मौर्या के पास स्थित उच्च क्षमता की पानी टंकी से चार वार्ड के लोगों को पानी मिलता है। जिसमें वार्ड 30, 31, 36 और 37 शामिल हैं। संधारण कार्य होने की वजह से कैंप 2, प्रगतिनगर, रविदास नगर, सुंदर नगर आदि क्षेत्रों में पेयजल की समस्या से लोगों को जूझना पड़ा। करीब 10 हजार की आबादी दो दिनों से पेयजल की समस्या को झेल रही है।

### पूरे दिन मशक्कत के बाद नहीं लगा वाल्व

भिलाई निगम का जलगृह विभाग द्वारा उच्च क्षमता पानी टंकी के सामने खराब वाल्व को बदलने का कार्य चल रहा है। गुरुवार की शाम से यह कार्य चल रहा है। शुक्रवार को भी यह काम चलता रहा लेकिन यह कार्य पूर्ण नहीं हो पाया। शनिवार यानी 14 फरवरी को भी पूरे दिन मशक्कत कर वाल्व को नया लगा लेने की उम्मीद विभागीय अमले को है। उसके बाद इस पानी टंकी को भरने का काम शुरू होगा। इस पानी टंकी की क्षमता काफी ज्यादा है इसलिए इसे भरने में ही आठ से 10 घंटे लगते हैं। इस हिसाब से पानी शाम पाली की निर्धारित समय पर पहुंचने की संभावना कम ही है।

### पानी के लिए जूझ रहे हैं लोग

उच्च क्षमता की पानी टंकी से लोगों को पानी सप्लाई नहीं होने से दिक्कतें उठानी पड़ रही है। रहवासियों ने बताया कि निगम द्वारा एक समय में पानी दिया जा रहा है लेकिन कुछ समय बाद यह बंद हो जा रहा है। आउटर इलाकों में तो नलों से चंद मिनटों के लिए ही पानी आ रहा है। ऐसे में पानी स्टोरेज करने की समस्या रही है। वैकल्पिक रूप से टैंकर से भी पानी सप्लाई नहीं की गई है। जिसकी वजह से पानी दूर दराज के हैंडपपों से लेकर आना पड़ रहा है।

# ट्रैफिक जाम से मिलेगी मुक्ति, 2.67 करोड़ में बनेगी फोरलेन सड़क

## शिक्षामंत्री गजेंद्र यादव ने किया भूमिपूजन, 4 अन्य जगहों पर भी बनेगी चौड़ी सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

धमधा नाका अंडरब्रिज से आईएमए चौक होते हुए अग्रसेन चौक तक करीब 480 मीटर तक 2.67 करोड़ रुपए की लागत से फोरलेन सड़क का निर्माण किया जाएगा। इसकी स्वीकृति मिल चुकी है। शुक्रवार को शिक्षामंत्री और स्थानीय विधायक गजेंद्र यादव ने इस कार्य का भूमिपूजन किया। इसके साथ ही अग्रसेन चौक पर स्थित महात्मा गांधी मार्केट में दो डोमशेड निर्माण को भी मंजूरी प्रदान की गई। साथ ही 4 अन्य जगहों में महाराजा चौक से बोरसी, मालवीय नगर चौक से जेल तिराहा होते हुए मिनी माता चौक, उतई टेम्पो स्टैंड से पोटिया सहित एक अन्य चौड़ी सड़क मिलेगी।

### सुशासन की सरकार, दुर्ग में खुले विकास के द्वार

गजेंद्र यादव ने कहा कि चुनाव के दौरान दुर्गवासियों से किए गए विकास के वादों को पूर्ण करने की दिशा में ठोस पहल है। उन्होंने आगे कहा कि सुशासन की सरकार में दुर्ग का सर्वांगीण विकास प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, अधोसंरचना एवं यातायात जैसी मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए लगातार योजनाबद्ध कार्य किए जा रहे हैं। भाजपा सरकार शहर के समग्र विकास हेतु निरंतर प्रतिबद्ध है। भूमिपूजन में उपस्थित क्षेत्र के व्यापारियों ने बाजे गाजे के साथ मंत्री गजेन्द्र यादव का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि शहर में लगातार बढ़ते ट्रैफिक दबाव को देखते हुए फोरलेन सड़क की मांग सालों से की जा रही थी, जिसे लेकर दिखाई गई।



### अग्रसेन चौक में दो जगहों पर बनेगा डोमशेड

अग्रसेन चौक के पास राम मंदिर के पीछे एक तरफ 15 लाख की लागत से दो स्थान पर डोम शेड लगेगा। एक तरफ व्यापारियों के बैठने के लिए और दूसरी तरफ सार्वजनिक आयोजनों के लिए डोम शेड का निर्माण किया जाएगा। इससे सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन में नागरिकों को बेहतर सुविधा मिलेगी। आयोजित कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, सभापति श्याम शर्मा, जिला उपाध्यक्ष शिवेंद्र परिहार, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष अरविंदर खुराना, भाजयुमो जिलाध्यक्ष हिमांशु सिंह, पार्षद मनीषा सोनी, मनीष साहू, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, देवनारायण तांडी, मनोज सोनी सहित अन्य मौजूद थे।

चंडी मंदिर से नयापारा रोड का भी चौड़ीकरण किया जाएगा।

गजेंद्र यादव ने कहा कि इस सड़क के बन जाने से शहर की बड़ी आबादी को ट्रैफिक जाम से राहत मिलेगी। लोगों को सुरक्षित, सुगम और तेज आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी। यह सड़क दुर्ग शहर के यातायात तंत्र को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। दुर्ग विधानसभा क्षेत्र में यातायात को सुगम बनाने 5 स्थान पर फोरलेन सड़क का निर्माण किया जाना है, जिसके अंतर्गत पहले फोरलेन सड़क का आज भूमिपूजन किया गया। यह कार्य केवल एक सड़क निर्माण नहीं, बल्कि चुनाव के दौरान किए गए विकास के वादों को पूरा करने की दिशा में ठोस कदम है।

## खबर संक्षेप



### ठेठवार यादव समाज दुर्ग राज का पारिवारिक मिलन

**दुर्ग।** ठेठवार यादव समाज दुर्ग राज की बैठक व पारिवारिक मिलन समारोह चंदखुरी के हनोदा रोड मिनी स्टेडियम में हुआ। इस अवसर पर 70 से अधिक लोगों ने रक्तदान किया। आयोजन मे राज अध्यक्ष राजकुमार यादव व दुर्ग राज के पदाधिकारियों द्वारा यदुकुल शिरोमणि भगवान श्री कृष्ण की पुजा अर्चना कर शुरवात की गई। जिसमे दुर्ग राज के ग्राम चंदखुरी व 112 गांव के स्वजातीय जन शामिल हुए। मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव, विशिष्ट अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, अध्यक्षता ठेठवार यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष गुलेन्द्र यादव, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य जितेंद्र यादव जिला सहकारी केंद्रिय बैंक के उपाध्यक्ष नरेन्द्र यदु, पूर्व सरपंच संघ अध्यक्ष रिवेन्द्र यादव व वर्तमान सरपंच संघ अध्यक्ष ओमेश्वर यादव सहित ठेठवार यादव समाज के सामाजिक जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, सरपंच पार्षद व पंचों व पारिवारिक मिलन समारोह में उत्कृष्ट कार्य किये सामाजिक जनों का सम्मान किया गया। बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई।

### जगदीश चंद्र उजाला के निधन के बाद किया नेत्र दान



**दुर्ग।** संतराबाड़ी निवासी जगदीशचंद्र उजाला के निधन के पश्चात उनकी पत्नी राम कुंवर उजाला, पुत्र रुपेश उजाला, खेमचंद उजाला एवं बहू सपना व गायत्री की सहमति से नेत्रदान सम्पन्न हुआ। जगदीश चंद्र उजाला के निधन का समाचार मिलते ही संस्था के राज आढ़तिया, कुलवंत भाटिया, राजेश पारख, मंगल अग्रवाल मध्य रात्रि उजाला भवन पहुंचे व नेत्रदान की व्यवस्था की। श्री शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज के डॉ संदीप बचकर, डॉ लीजन व नेत्र प्रभारी विवेक कसार बंसल निवास से कॉर्निया कलेक्ट किए।

## खरसिया-नया रायपुर-परमलकसा और खारून-रायपुर-परसदा परियोजना में ग्रहण

# अधिग्रहण को लेकर किसानों का आक्रोश, सर्किल रेट में बदलाव, नौकरी नहीं देने से बढ़ी नाराजगी

## भू-अर्जन को लेकर अब तक प्रारंभिक प्रकाशन भी नहीं हो पाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

खरसिया-नया रायपुर-परमलकसा एवं खारून-रायपुर-परसदा रेल परियोजनाओं के भूमि अधिग्रहण को लेकर किसानों की चिंता काम होने का नाम नहीं ले रही है। शुक्रवार को किसानों ने हिंदी भवन के सामने उग्र प्रदर्शन किया। रैली निकालकर कलेक्टोरेट पहुंचे, जहां कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा।

किसानों की मांग थी कि सबसे पहले सर्किल रेट को स्पष्ट किया जाए, पूर्व में नवंबर 2025 में जिस जमीन की कीमत 1.52 करोड़ प्रति हेक्टेयर थी, उसे जनवरी 2026 में 95 लाख कर दिया गया है। इस वजह से किसान भयभीत है। इसके अलावा 2013 भूअर्जन अधिनियम के अंतर्गत प्रभावित किसानों को नौकरी दिए जाने का प्रावधान है, इसके बारे में भी अधिकारी सही जानकारी नहीं दे रहे हैं। वहीं जिन जमीनों की खरीदी-बिक्री हो चुकी है, या मामला नाम ट्रांसफर में अटका हुआ है। ऐसे में मुख्य किसान के बजाए दूसरे को मुआवजा राशि जारी होने का खतरा बना हुआ है।

इस प्रकार की विसंगतियों एवं प्रशासनिक मनमानी के विरोध में किसानों ने प्रदर्शन किया, जिसका कांग्रेस ने समर्थन किया। हिंदी भवन के सामने विशाल धरना प्रदर्शन के दौरान किसानों ने तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी। इसके बाद रैली निकाल कर कलेक्टोरेट परिषर के सामने प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा।




### प्रदर्शन के दौरान उठाए गए मुद्दे जिनका जवाब नहीं मिल रहा

किसानों ने बताया कि भूमि का मूल्यांकन वर्गमीटर या वर्गफुट के आधार पर किया जाएगा। ग्रामीण भूमि के मूल्य में कटौती पर रोक एवं विकास आधारित उचित बढ़ोतरी हो। ग्राम सभा की पूर्व सहमति एवं पारदर्शी प्रक्रिया हो। 4 गुणांक का अनिवार्य प्रयोग एवं उच्चतम तुलनीय विक्रय विलेख के आधार पर मुआवजा निर्धारित किया जाएगा। भूमि के साथ मकान, पेड़, कुआं-बोर, सिंचाई एवं विद्युत संरचनाओं का पृथक मूल्यांकन हो। 5 लाख की एकमुश्त राशि के स्थान पर स्थायी रोजगार, पुनर्वास की व्यवस्था की जाए। किसी भी प्रकार की दमनात्मक कार्रवाई पर रोक लगाए जाए। प्रभावित किसानों में पुरई, पाऊवारा, चंगोरी, बिरेझर, थनौद, कोनारी, चंदखुरी , भानपुरी, बोरीगारका, करगाडीह, खोपली, घुघसीडीह, कोकड़ी, कोड़िया, माणिकचौरी, धौराभाठा, बैगाटोला, नवागांव, इन्दावनी सहित अन्य ग्राम के किसान शामिल थे।



### जमीन की दरों में 57 से 66 लाख प्रति हेक्टेयर तक कटौती

कांग्रेस के जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल रमेन डेका, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। उन्होंने कहा कि भुरकुनी गांव का रेट देखेंगे तो उसके अपेक्षा जनवरी माह में प्रति हेक्टेयर भारी कटौती किया है। जनवरी माह के अनुसार किसानों का 57 से 66 लाख प्रति हेक्टेयर तक की कटौती की गई है। इस तरह की भेदभाव पूर्ण तय रेट लिस्ट पर भी आपत्ति जताई गई। प्रदर्शन के दौरान देवेंद्र देशमुख, राकेश हिरवानी, लक्ष्मी मानिकपुरी, शकुन साहू, चिंतामणि गजपाल, गुलाब सिंह साहू, व्यासनारायण साहू, धनेश राम साहू, भंवर लाल देशमुख, यशवंत देशमुख, सतीश देशमुख सहित अन्य मौजूद थे।

# कोसानाला सुपेला ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकारिणी घोषित



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर के अनुमोदन पश्चात कोसानाला सुपेलाब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरसिंह नाथ ने ब्लॉक कार्यकारिणी की सूची जारी कर दी है। कार्यकारिणी में कुल 4 उपाध्यक्ष, 4 महामंत्री, 3 संयुक्त मंत्री, एक कोषाध्यक्ष, 14 सचिव और दो कार्यकारिणी सदस्यों को शामिल किया गया है। कोसानाला सुपेला ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी में अध्यक्ष नरसिंह नाथ, उपाध्यक्ष रूपचंद गुर्जर, बंटू शर्मा, शिव साहू और वासु पांडे, महामंत्री इस्माइल खान, बलदाऊ पिपरिया, नरेंद्र पिपरोल और भानु प्रताप जंघेल, संयुक्त महामंत्री वीर बहादुर थापा आजाद अंसारी और दानवीर देवांगन, कोषाध्यक्ष बुद्ध शरण बोरकर, सचिव अमरजीत सिंह, प्रमोद यादव, मोहन दलाई, संभू साव, मो.अशरफ, संदीप कुमार, नितेश लाउत्तरे, राजेश्वर प्रसाद सोनवानी, राजू कन्हाई, लक्की दुबे, कीर्ति सिंह, ललिता साहू, वीणा देशलहरे और अंजलि भवते, कार्यकारिणी सदस्य कृतेश साहू और विक्की कुरैशी। भिलाई शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने नए पदाधिकारियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी एवं सदस्य एकजुट होकर एक परिवार की तरह कांग्रेस को मजबूत करने के लिए कार्य करेंगे। जनहित से जुड़ी समस्याओं को सुलझाने का भरसक प्रयास करेंगे।

### निर्वाचन कार्य में लापरवाही पर एक दिन का वेतन कटा

**दुर्ग।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह ने निर्वाचन कर्त्तव्यों के निर्वहन में घोर लापरवाही बरतने एवं लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम तथा सिविल सेवा आचरण में उल्लेखित प्रावधानों के विपरीत कार्य करने के कारण उप संचालक एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी 65 भिलाई नगर दीपक मिश्रा के माह फरवरी में वेतन भुगतान के एक दिवस को अवैतनिक किया है।

ज्ञात हो कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा विगत 31 जनवरी 2026 को आयोग के निर्देशानुसार अन-मैप्ड और लॉजिकल विसंगति के मामले में मतदाताओं को जारी किये नोटिस सुनवाई की तिथि के संबंध में समस्त ईआरओ, एईआरओ की समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक में मिश्रा अनुपस्थित थे, साथ ही ईआरओ द्वारा दूरभाष पर संपर्क करने के बाद भी कार्य प्रारंभ नहीं करने पर जारी कारण बताओ नोटिस का जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया है।

# कलेक्टर से शिकायत के बाद हरकत में आया निगम, तालाबों की सफाई शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई





वार्ड 23, घासीदास नगर के नवीन स्कूल और उसके समीप स्थित तालाब में फैली गंदगी को लेकर कलेक्टर से की गई शिकायत के बाद नगर निगम ने सफाई कार्य शुरू कर दिया है। कलेक्टर जनदर्शन में आम आदमी पार्टी के वार्ड अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार चौधरी ने शिकायत की थी।

■ आम आदमी पार्टी के नेता ने जनदर्शन में की थी शिकायत

वार्ड अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी ने कलेक्टर जनदर्शन में लिखित शिकायत दी थी कि घासीदास नगर के नवीन स्कूल परिसर और पास के तालाब में भारी मात्रा में कचरा और गंदगी जमा है। पानी की किल्लत के कारण महिलाएं इसी तालाब का उपयोग करती हैं, जिससे गंदगी के कारण बीमारियों का खतरा बना हुआ था। स्थानीय पार्षद द्वारा समस्या पर ध्यान न दिए जाने के बाद आप पार्टी ने सीधे प्रशासन का दरवाजा खटखटाया।

आम आदमी पार्टी के नेता जसप्रीत सिंह ने वैशाली नगर क्षेत्र की बदहाल स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि वैशाली नगर के वार्डों की स्थिति अत्यंत दयनीय है। तालाबों का महत्व हमारी धार्मिक आस्था से जुड़ा है, लेकिन विधायक और पार्षद इनके संरक्षण और सफाई को लेकर गंभीर नहीं हैं। जब तक जनता शिकायत लेकर कलेक्टर के पास नहीं जाती, तब तक स्थानीय जनप्रतिनिधि कुंभकर्णी नींद में सोए रहते हैं। इस दौरान धर्मेंद्र चौधरी, जसप्रीत सिंह, राजकुमार, अविनाश सहित वार्ड के नागरिक उपस्थित थे।

# 14 मार्च को नेशनल लोक अदालत सुलझाया जाएंगे विवादित मामले



**दुर्ग।** आगामी नेशनल लोक अदालत 14 मार्च को आयोजित है। इसकी तैयारियों को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के सरपंचों की बैठक जिला एवं सत्र न्यायालय के सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एवं संचालन सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दुर्ग द्वारा किया गया। बैठक में यह विशेष रूप से रेखांकित किया गया कि ग्राम स्तर पर सरपंच प्रारंभिक एवं अत्यंत महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करते हैं। ग्राम पंचायतें स्थानीय विवादों, राजस्व प्रकरणों, पारिवारिक मतभेदों, बैंक ऋण संबंधी मामलों, विद्युत एवं जलकर बकाया, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों तथा धारा 138 परक्राम्य अधिनियम से संबंधित प्रकरणों की प्रथम जानकारी का प्रमुख स्त्रोत है। ऐसे में सरपंचों की सक्रिय भागीदारी के बिना अधिकतम प्रकरणों की पहचान एवं सूचीकरण संभव नहीं है। सचिव ने कहा कि सरपंच न केवल स्थानीय स्तर पर पक्षकारों के मध्य संवाद स्थापित करने में सक्षम हैं, बल्कि वे आपसी सहमति एवं सौहार्दपूर्ण समाधान की दिशा में विश्वास निर्माण की भूमिका भी निभाते हैं। इसलिए उन्हें आयोजित लोक अदालत से जुड़ी जानकारी दी गई।

■ तैयारियों को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के सरपंचों की हुई बैठक

# युवाओं के सपनों को नई उड़ान और रोजगार का अवसर देने वाला है केन्द्रीय बजट

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



भारतीय जनता पार्टी के आर्थिक और व्यापार प्रकोष्ठ द्वारा दुर्ग में आयोजित संभाग स्तरीय व्यापारी संवाद कार्यक्रम में बड़ी संख्या में व्यापारी, उद्योगपति एवं प्रकोष्ठ पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम में केंद्रीय बजट 2026 में व्यापार और उद्योग क्षेत्र के लिए किए गए महत्वपूर्ण प्रावधानों की पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने जानकारी साझा की। संवाद कार्यक्रम का उद्देश्य बजट प्रावधानों को जमीनी स्तर तक पहुंचाना और व्यापार समुदाय के साथ सीधा संवाद स्थापित करना है।

■ केंद्रीय बजट पर मंत्री यादव ने किया व्यापारियों से संवाद

केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026 देश की आर्थिक प्रगति को नई गति देने वाला बजट है। बजट में युवाओं के सपनों को नई उड़ान देने के उद्देश्य से स्टार्टअप को प्रोत्साहन, नवाचार को बढ़ावा, स्थानीय उत्पादों के संवर्धन तथा वोकल फॉर लोकल को मजबूत करने जैसे महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। बड़ी संख्या पर्यटन विकसित किये जाने रोजगार के अवसर भी बढ़ेगे जिससे क्षेत्र का व्यापार भी बढ़ेगा। संवाद के दौरान लघु एवं मध्यम व्यापारियों के लिए विभिन्न प्रकार की कर छूट, प्रक्रियाओं के सरलीकरण, डिजिटल लेन-देन को प्रोत्साहन तथा व्यापार सुगमता को बढ़ाने हेतु किए गए प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा की गई। व्यापारियों ने भी केंद्रीय बजट पर अपने सुझाव एवं अनुभव साझा किए, जिस पर सकारात्मक संवाद हुआ।दुर्ग भाजपा प्रभारी नंदन जैन, प्रदेश प्रवक्ता अमित चिमनानी ने बताया कि केंद्रीय बजट में व्यापारियों के लिए कई सकारात्मक प्रावधान किए गए हैं, जिनसे व्यवसाय को गति और स्थिरता मिलेगी। कर प्रणाली को सरल बनाने, आयकर व जीएसटी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता लाने तथा अनुपालन बोझ कम करने से छोटे और मध्यम व्यापारियों को राहत मिलेगी। कार्यक्रम में आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शिव चंद्राकर, महापौर अलका बाघमार, अजय भसीन, उपाध्यक्ष अशोक राठी, अनूप गटागट आदि मौजूद थे।

## भूजल संरक्षण, संवर्धन और वैज्ञानिक प्रबंधन को लेकर जिपं. के सभागार में कार्यशाला

# बोरवेल के ज्यादा इस्तेमाल से भूजल स्तर गिर रहा, सहेजना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला पंचायत के सभागार में भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय के अंतर्गत केंद्रीय भूजल बोर्ड एवं भूमि जल बोर्ड द्वारा जल प्रबंधन, जल पुनर्जीवन योजना एवं डेटा प्रसार विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में एनसीसीआर केंद्रीय भूजल बोर्ड के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. डी. ज्ञानसुंदर मौजूद थे। जिला पंचायत के सीईओ बजरंग दुबे भी कार्यक्रम में शामिल हुए। डॉ. ज्ञानसुंदर ने दुर्ग के क्षेत्रीय जलभृत बेसिनों की वैज्ञानिक निगरानी, प्रभावी प्रबंधन एवं पुनरुद्धार की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भूजल संसाधनों की दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित करना राज्य की जल एवं खाद्य सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है।

■ एनसीसीआर केंद्रीय भूजल बोर्ड के क्षेत्रीय निदेशक रहे मौजूद

कार्यशाला का उद्देश्य दुर्ग जिला में भूजल संसाधनों के सतत उपयोग एवं संरक्षण के लिए ठोस रणनीति तैयार करना था। योजनाओं ग्रामीण क्षेत्रों में महात्मा गांधी नरेगा, वन विभाग, जल संसाधन विभाग, लोक स्वस्थ्य यात्रिकी विभाग, कार्ययोजना तैयारी व चरणबद्ध तरीके से करने के लिए कहा गया।




### जिले में जल संरक्षण को लेकर चलाया जाएगा अभियान

कार्यक्रम में वैज्ञानिक बी. अभिषेक, मोनिका, प्रमोद, महिमा अवस्थी, सर्वोदय बारिक, श्रीधर साहू, कमल किशोर सहित कई अधिकारी एवं विशेषज्ञ उपस्थित थे। कार्यशाला के माध्यम से भूजल संसाधनों के संरक्षण, वैज्ञानिक प्रबंधन और सतत उपयोग की दिशा में ठोस कार्ययोजना तैयार करने की पहल की गई। साथ ही तय किया गया कि जल संरक्षण को लेकर विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिसमें लोगों को जागरूक किया जाएगा।

### पेयजल के लिए बोरवेल पर निर्भरता ज्यादा

इस दौरान यह बताया गया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत पेयजल आपूर्ति के लिए बोरवेलों पर अत्यधिक निर्भरता है। साथ ही निम्न पारगम्यता वाले क्षेत्रों में बोरवेल के पंपिंग घंटों में कमी, भूजल स्तर में गिरावट और कुओं के सूखने जैसी समस्याएं सामने आ रही हैं। विशेषज्ञों ने कुछ गांवों में आर्सेनिक एवं फ्लोराइड की उच्च सांद्रता को भी गंभीर चुनौती बताया। कार्यशाला में जल पुनर्जीवन, कृत्रिम पुनर्भरण संरचनाओं के विकास, डेटा आधारित प्रबंधन और सामुदायिक सहभागिता पर विशेष जोर दिया गया।



## खबर संक्षेप



### महाशिवरात्रि पर मेला महोत्सव कल

**अंडा।** महाशिवरात्रि पर आलबरस एवं आमटी में भव्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन 15 फरवरी रविवार को किया जा रहा है। ग्राम पंचायत आलबरस में शिव मंदिर परिसर एवं पंचायत भवन में विशेष पूजा-अर्चना, जलाभिषेक एवं रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सरपंच सैनिक भुवन लाल देशमुख ने शामिल होने की अपील की है। यहां पारंपरिक तिरगा एवं झोला मंडई मेला भी होगी।आलबरस में रात्रि 11 बजे से भजन-कीर्तन एवं छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य के साथ छत्तीसगढी कार्यक्रम मोर मयारू संगी टेरेसरा की विशेष प्रस्तुति होगी। वहीं ग्राम आमटी में तान्दुला नदी किनारे स्थित मेला स्थल पर भव्य मेला महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार, पटेल एवं निषाद समाज के मंदिर में दोपहर 12 बजे से पूजा-अर्चना शुरू होगी। रात्रिकालीन कार्यक्रम के अंतर्गत रात 11 बजे से छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य का आयोजन रखा गया है। इस अवसर पर सरपंच दुर्गा पुरूषोत्तम चौधरी ने सभी आस पास के ग्रामीण जनों से उपस्थिति की अपील की है।

### पाटन में विराट जसगीत झांकी प्रतियोगिता आज से

**पाटन।** नगर के सुभाष चौक में भव्य विराट जसगीत झांकी प्रतियोगिता का आयोजन 14 एवं 15 फरवरी को किया गया है। दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में विभिन्न मंडलियों द्वारा आकर्षक एवं मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से भक्तिमय वातावरण का निर्माण होगा। नगरवासियों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं एवं इसे सफल बनाएं।

## निधन

### मीनाक्षी लांजेवार



**भिलाई।** हुडको एमआईजी-II/51 निवासी मीनाक्षी लांजेवार उम्र 76 वर्ष का निधन 12 फरवरी को हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 13 फरवरी को राम नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे पवन लांजेवार, अभय लांजेवार एवं वीणा अगड़े की मां थीं। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

## जिला स्तरीय मछुवारा सम्मेलन में जुटे समाज के लोग

# छत्तीसगढ़ के मछुआरा समाज ने उच्च शिक्षा में मांगा 5 प्रतिशत का आरक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

दुर्ग जिला मछुआ सोसायटी विकास परिषद के तत्वाधान में जिला स्तरीय मछुवारा सम्मेलन आयोजित किया गया। इस दौरान मछुवारों ने मुख्य रूप से मत्स्य अधिनियम , पट्टा नवीनीकरण, उच्च शिक्षा में 5 प्रतिशत आरक्षण, मछुआ आवास तालाब/जलाशय में मछली बिक्री में वृद्धि सहित सात बिंदुओ की मांग प्रमुखता से रखी। मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री गजेंद यादव ने मत्स्य अधिनियम एवं अन्य विषयों पर मांग को विभागीय मंत्री के समक्ष रखकर अतिशीघ्र निराकरण कर मांग पूरा करने का आश्वासन दिया। उन्होंने पाटन,दुर्ग,धमधा ब्लॉक में मछुआ सोसायटी विकास परिषद भवन निर्माण की घोषणा भी की। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कुंवरसिंह निषाद विधायक गुण्डरदेही प्रांताध्यक्ष निषाद समाज ने दी। विशिष्ट अतिथि दीपेश साहू विधायक बेमेतरा, ईश्वर साहू विधायक साजा, जितेंद साहू अध्यक्ष तेलघानी बोर्ड (राज्य मंत्री) और श्वेता अग्रवाल अध्यक्ष जनपद पंचायत धमधा थे। आयोजन में प्रतिभावान विद्यार्थियों व खेलकूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालो मछुवारा समाज के बच्चो का सम्मान भी किया गया एवं मछली पालन विभाग से उप संचालक सीमा चंद्रवंशी द्वारा सामग्री (आइस बॉक्स व जाल) का वितरण किया गया। कार्यक्रम में दुर्ग जिला के मछुआ सहकारी समिति एवं परंपरा गत मछुवारे शामिल हुए। जिसमे भिलाई से छोटेलाल निषाद, दुर्ग से प्रदीप सपहा, डुलेस्वर मटियारा, बालोद से उधो धीवर बेमेतरा से मुकेश धीवर,गंडाई से राजकुमार मल्लाह , रायपुर से अंजू मटियारा विशेष रूप से उपस्थित थे तथा मछुआ विकास परिषद से श्यामलाल सार्वे, भीखम धीवर, कुशल मटियारा, विष्णु रिगरी, राजेंद्र धीवर,राजकुमारी धीवर अध्यक्ष पाटन ब्लॉक,भागवत धीवर अध्यक्ष दुर्ग ब्लॉक, उत्तम निषाद ,टेकराम धीवर,अरुण धीवर,दुर्गा प्रसाद धीवर, फेरहा राम धीवर, लक्ष्मण निषाद,हेमंत निषाद, शकंर धीवर अध्यक्ष धमधा ब्लॉक, महेश धीवर ,देवेंद धीवर और सोनू धीवर शामिल हैं। मांगपत्र का वाचन एवं स्वागत भाषण अध्यक्ष केजुराम निषाद का रहा। समापन रूपचंद धीवर ने किया और संचालन अशोक निषाद ने किया।

**केबिनेट मंत्री यादव ने शासन तक बात पहुंचाने दिया आश्वासन**




### सेन समाज ने सामाजिक और पारिवारिक समस्याएं सुलझाईं



**पाटन ।** सेन समाज के मरौद परिक्षेत्र का वार्षिक अधिवेशन ग्राम खुरसेंगा में सम्पन्न हुआ। जिसमें नए पदाधिकारियों का चुनाव हुआ। सर्वप्रथम संत शिरोमणि सेन महाराज की प्रतिमा एवं इष्ट देव बजरंग बली के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। अध्यक्षता परिक्षेत्र के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण सेन ने की। इस दौरान सामाजिक और पारिवारिक समस्याओं का निवारण किया गया। 10वीं एवं 12 वीं के मेधावी बच्चों को प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। वहीं समाज के चुनाव में लोगों ने सर्वसम्मति से लक्ष्मी नारायण सेन भाठागांव वाले को अध्यक्ष पद पर बागडौर सौंपी और सचिव के पद पर शिशुपाल सेन (कचना) चुने गए। आयोजन में प्रदेश अध्यक्ष हिराधर सेन, राजिम महासभा के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश सेन और हरिराम सेन सहित पंचगण व गणमान्य सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक में विशेष रूप से समाज में नवाचार की शुरुआत पर जोर दिया गया और सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान तय किया गया कि लक्ष्मी नारायण सेन के नेतृत्व में विभिन्न योजनाओं को परिक्षेत्र स्तर पर उतारा जाएगा।

### अन्नदाताओं की मुस्कान ही भाजपा सरकार की प्रतिबद्धता : हर्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

भारतीय जनता पार्टी जिला दुर्ग की उपाध्यक्ष हर्षा लोकमनी चंद्राकर ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रदेश के अन्नदाताओं के हित में एक बड़ा और



स्वागतयोग्य निर्णय लेते हुए होली से पहले ही धान की अंतर राशि किसानों के खातों में जारी करने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि यह फैसला न केवल किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि यह सरकार की संवेदनशील और किसान-हितैषी सोच को भी दर्शाता है। जहां पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार किसानों को धान की अंतर राशि चार-चार किश्तों में देकर उन्हें लंबे समय तक इंतजार करवाती थी, वहीं वर्तमान सरकार ने किसानों की जरूरत और त्योहारों की खुशियों को ध्यान में रखते हुए एकमुश्त राशि देने का निर्णय लिया है। इससे प्रदेश के लाखों किसान परिवार होली का पर्व पूरे उत्साह और सम्मान के साथ मना सकेंगे।यह निर्णय साबित करता है कि वर्तमान सरकार केवल घोषणाएं नहीं करती, बल्कि समय पर वचन निभाने का कार्य करती है।

### डुमरडीह स्कूल में वार्षिकोत्सव का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

डुमरडीह स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में वार्षिकोत्सव एवं पुरूस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा पहली से लेकर पांचवी तक के बच्चों ने नशा मुक्ति,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ थीम पर व छत्तीसगढ़ की विभन्न संस्कृति विधाओं पर मनमोहक प्रस्तुति दी। इस आयोजन में मुख्य अतिथि सरपंच धर्मेंद्र बंजारे ने कहा ऐसे आयोजनों से छोटे छोटे बच्चों में छुपी हुई प्रतिभा उभर कर आती है। इस अवसर पर कुंदन लाल बंजारे ने अपने स्वर्गीय माता पिता रवि लाल बंजारे व नीरा बाई बंजारे की स्मृति में कक्षा पहली से पांचवी तक प्रथम द्वितीय व तृतीय आने वालों बच्चों को नगद प्रोत्साहन राशि एवं उनके माता पिता को पौधा भेंट कर सम्मानित किया। शिक्षक गिरीश साहू को विभिन्न संस्थानों के माध्यम से अनेक गरीब बच्चों को स्कूल बैग ,ड्रेस ,व कापी किताब दिलाने के लिए कुंदन बंजारे द्वारा समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति में प्रतीक चिन्ह व पौधा भेंट कर सम्मान किया। कार्यक्रम में धर्मेंद्र बंजारे, नवल किशोर सिंह, मिथिलेश नारगं, सुशील बंजारे,उमेंद्र जांगड़े संध्या भारती , गिरीश साहू, कामनी बंजारे, देव कुमारी यादव, अंजनी यादव, पिंकी बंजारे, रविंद्र कोसरे, खिलेंद्र गायकवाड, राजेश्वरी देशमुख, साहू मैडम, विद्या सिंह, शारदा खेवार आदि उपस्थित थे।



### जरुरतमंद परिवार के लिए सहारा बनीं सरपंच

**सेलूद।** विकासखंड पाटन के ग्राम पंचायत देवादा सरपंच लक्ष्मी नीलू वर्मा ने जरूरतमंद परिवार को आर्थिक सहायता दी। उन्होंने ललित साहू एवं दशोदा साहू के पुत्र टोमेस साहू के विवाह समारोह में शामिल होकर वर-वधु को 5 हजार की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की। इस अवसर पर उन्होंने नवदंपत्ति को सुखद वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कुंदन साहू, लिंबा, गजेन्द्र, हेमलता, पुरुषोत्तम, पुर्णिमा, अरुण, अन्नू, चुम्मन, पूजा, भूपेश, विक्की, निक्की, भूवनेश्वरी, जगेश्वर, मोतीराम, रामअवतार, रामकुमार, समसिंग एवं भवानी सहित अनेक ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### जस झांकी और गायन प्रतियोगिता आज से

**पाटन।** समीपस्थ ग्राम मर्रा (गाड़ाडीह) में दो दिवसीय जस झांकी एवं गायन प्रतियोगिता का आयोजन 14 एवं 15 फरवरी को किया गया है। इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन में प्रदेश के विभिन्न जस मंडलियों एवं गायन दलों को आमंत्रित किया गया है। आयोजन समिति द्वारा बताया गया कि प्रतियोगिता में आकर्षक पुरस्कार राशि निर्धारित किए गए हैं। जिनमें 5001 रुपए से लेकर 701 रुपए तक के विभिन्न सम्मान शामिल हैं।

### चुनकट्टा में महाशिवरात्रि शोभायात्रा व रोड शो कल

**सेलूद।** चुनकट्टा में महाशिवरात्रि महोत्सव व भव्य रोड-शो, शोभायात्रा कार्यक्रम का आयोजन 15 फरवरी को किया गया है। समिति के सदस्य व ग्राम के उपसरपंच अजय सिह राजपूत ने बताया कि दोपहर 12 बजे से शोभा यात्रा प्रारंभ होगी जो अदियोगी शिव मंदिर से ग्राम भ्रमण करेगी। इस दौरान रोड शो में जय श्री महाकाल अघोरी ग्रुप ग्राम-बघेरा, जिला-दुर्ग की मनमोहक प्रस्तुति होगी।



### खाड़ा स्कूल में शिक्षक पर नशाखोरी का आरोप, प्राचार्य ने की शिकायत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| निकुम

शासकीय प्राथमिक शाला खाड़ा में एक शिक्षक पर नशाखोरी का आरोप लगा है। जिसकी लिखित शिकायत प्रधानपाठक ने शिक्षा अधिकारी तक की है। यहां 64 बच्चो की पढाई की जिम्मेदारी प्रधानपाठक यशोदा राजपूत अकेले निभा रही हैं। हाल ही में यहां 21 जनवरी को सहायक शिक्षक देवेश कुमार देशमुख को पदस्थ किया गया है। आरोप है कि शिक्षक देवेश नशे में रहते हैं। इस शिक्षक पर स्कूल के दौरान गुटखा खाने कहीं भी लघुशंका कर देने का आरोप भी है। समाज सेवक अभिषेक देषमुख ने बताया कि इस शिक्षक के आपत्तिजनक व्यवहार से मासूम डर गये हैं। प्रधान पाठक यशोदा राजपूत ने बताया कि उन्होंने इस संदर्भ में विकासखंड शिक्षा अधिकारी दुर्ग से लिखित शिकायत की है। इधर खाड़ा के सरपंच नंदकुमार साहू व पालक समिति के सदस्य ने घटना की जानकारी लगते ही जरुरी बैठक कर डीईओ व बीईओ को शिकायती पत्र भेजा है। इस मामले में विकासखंड शिक्षाधिकारी दुर्ग विनोद शुक्ला ने बताया कि उन्हें शिकायत मिल गई है और विभागीय जांच के उपरांत कार्रवाई करेंगे।

## बिजनेस साइट

# भिलाई में बंसल ब्रदर्स की भव्य मेगा सेल में 50 प्रतिशत तक की शानदार छूट

**भिलाई।** शहर के सिविक सेंटर स्थित प्रतिष्ठित रेडीमेड एवं वस्त्र एवं होम-फर्निशिंग प्रतिष्ठान बंसल ब्रदर्स द्वारा ग्राहकों के लिए भव्य मेगा सेल का शुभारंभ किया गया है। इस विशेष सेल के अंतर्गत ग्राहकों को 50 प्रतिशत तक की आकर्षक छूट प्रदान की जा रही है, जिससे शहरवासियों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। इस मेगा सेल में महिलाओं, पुरुषों एवं बच्चों के लिए फैशनेबल एवं उच्च गुणवत्ता वाले परिधानों के साथ-साथ होम फर्निशिंग आइटम्स की भी व्यापक रेंज उपलब्ध है। महिलाओं के लिए शुद्ध सिल्क साड़ियाँ, सीको सिल्क, मैसूर सिल्क, कॉटन साड़ियाँ, करिश्मा कॉटन साड़ियाँ एवं आकर्षक डिज़ाइनर साड़ियाँ विशेष आकर्षण का केंद्र हैं। इसके अतिरिक्त, घर की सजावट के लिए उच्च गुणवत्ता वाली बेडशीट्स, डबल बेड व सिंगल बेड बेडशीट्स, आधुनिक डिज़ाइनों और सॉफ्ट फैब्रिक में विशेष छूट पर उपलब्ध हैं।पुरुषों के लिए ब्रांडेड सूटिंग-शर्टिंग की शानदार रेंज मौजूद है, जिसमें रेमंड्स, रेड एण्ड टेलर एवं अरविंद जैसे प्रतिष्ठित ब्रांड शामिल हैं। साथ ही कुर्ता-पायजामा, कुर्तियाँ, ड्रेस मटीरियल, गर्ल्स वेस्टर्न वियर सहित अनेक परिधान किफायती दामों पर उपलब्ध हैं।यह मेगा सेल सीमित अवधि के लिए आयोजित की गई है, जिसका उद्देश्य ग्राहकों को एक ही स्थान पर फैशन एवं होम उपयोग की उच्च गुणवत्ता वाली वस्तुएँ उचित दामों पर उपलब्ध कराना है। ग्राहकों की बढ़ती भीड़ बंसल ब्रदर्स की विश्वसनीयता और वर्षों से बनी मजबूत पहचान को दर्शाती है।

BANSAL BROTHERS
19, CIVIC CENTRE, BHILAI 490006 (C.G.)
SAREE | SUITS | FABRICS

# कल दुर्ग में दिल्ली के विशेषज्ञ यूरोलॉजिस्ट डॉक्टर रहेंगे उपलब्ध, मरीजों को मिलेगा सीधा परामर्श

**दुर्ग।** शहर के मरीजों के लिए अच्छी खबर है। दिल्ली के प्रसिद्ध यूरोलॉजिस्ट 15 फरवरी रविवार को दुर्ग स्थित आरोग्यम सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल में विशेष ओपीडी के दौरान उपलब्ध रहेंगे, जहां वे यूरोलॉजी से संबंधित जटिल बीमारियों की जांच और परामर्श देंगे। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार इस दिन विशेषज्ञ डॉ. गौतम बंगा तथा डॉ. नवीन राम दास्का मरीजों का परीक्षण करेंगे। दोनों चिकित्सक मूत्ररोग, एंड्रोलॉजी, यूरो-रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी तथा किडनी से संबंधित समस्याओं के उपचार में विशेषज्ञता रखते हैं। अस्पताल प्रशासन ने बताया कि इस दौरान पेनाइल इम्प्लांट, हायपोस्पेडियास सर्जरी, मूत्रमार्ग की चोट से संबंधित सर्जरी, कॉस्मेटिक यूरोलॉजी और अन्य जटिल यूरोलॉजी उपचारों के लिए भी परामर्श दिया जाएगा। मरीजों की सुविधा के लिए पूर्व पंजीयन अनिवार्य रखा गया है, ताकि तय समय पर विशेषज्ञों से आसानी से परामर्श मिल सके। प्रबंधन ने मरीजों से समय रहते पंजीयन कराने और विशेषज्ञ परामर्श का लाभ लेने की अपील की।



**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**

**विवाह सूचना का प्रकाशन**

क्रमांक क/ /वाचक/अति–कले/2026, बिलासपुर, दिनांक 02 .02 .2026

श्री रविन्द्र पाटनकर आत्मज स्व. किशोर पाटनकर माता श्रीमती सरोज पाटनकर उम्र 40 वर्ष निवासी दीनदयाल कॉलोनी मंगला म.न. ईडब्ल्यूएस 79 थाना सिविल लाईन तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) एवं कुमारी प्रियंका फाटक पिता श्री गोविन्द फाटक उम्र 37 वर्ष निवासी पवित्र नगर न्यू नेहरू नगर उमरपोटी दुर्ग थाना नेवई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. पिन 491107

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा–5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनांक 09.03.2026 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।



रविन्द्र पाटनकर



प्रियंका फाटक

**विवाह अधिकारी**
**बिलासपुर (छत्तीसगढ़)**

## अंचल की खबरें

### भाजपा मंडल ने मनाया समर्पण दिवस




**कुम्हारी।** भारतीय जनता पार्टी कुम्हारी मंडल ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाया और अपनी श्रद्धांजलि दी। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पालिका अध्यक्ष मीना वर्मा सहित रामाधार शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता, राजू निषाद , सांसद प्रतिनिधि रामकुमार सोनी, वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने अपने उद्बोधन मे पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों और सिद्धांतों की बात कही। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री दीपक चतुर्वेदी ने किया। कार्यक्रम में नारायण सोनकर , महामंत्री फिंगेश्वर साहू, मंडल उपाध्यक्ष रागिनी निषाद , मिथिलेश यादव प्रदेश मीडिया सहप्रभारी जूली चंद्राकर जिला आई टी सेल सह संयोजक, सुनीता कुर्रे , जुली सिंह , पंकज वर्मा , योगिता वर्मा , रामप्रकाश गुप्ता और ओंकार मार्कण्डेय पार्षद उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिन्हा के वक्तव्य से हुआ।

### जामगांव आर क्रिकेट टीम बनी विजेता



**निकुम।** आरसीसी क्रिकेट क्लब एवं समस्त ग्रामवासी निकुम के तत्वावधान में ग्रामीण स्तरीय टेनिस क्रिकेट प्रतियोगिता 6 फरवरी से शुरू हुई। जिसमें 32 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मैच बेहद रोमांचक रहा। समापन समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू थे। फाइनल मैच में जामगांव आर टीम ने 79 रन का लक्ष्य रखा, लेकिन मालीघोरी की टीम ने सिर्फ 25 रन बनाकर 44 रनों से जीत हासिल की। मुख्य अतिथि ताम्रध्वज साहू ने कहा कि प्रतियोगिता में सबसे बड़ी जीत दर्शकों की हुई है। जिन्हे आज फाइनल मैच के रूप में जबर्दस्त मुकाबला देखने को मिला है। जहां मैच में अंत तक रोमांच बना रहा। वही विधायक द्वारा विजेता व उपविजेता टीम को विनर कप व नगद पुरस्कार राशि से पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया, जिसमें प्रथम पुरस्कार जामगांव आर , द्वितीय स्थान मालीघोरी, तीसरा पेंड्री व चतुर्थ स्थान खाड़ा की टीम रही। इस अवसर पर पूर्व जनपद सदस्य रूपेश देशमुख, पूर्व सरपंच शारदा सिंह धुर्वे सहित आयोजन समिति से दीपांशु यादव, जितेंद्र निर्मलकार और दुष्यंत साहू सहित पूरी टीम व ग्रामीण दर्शक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### मंडई मिलन समारोह में शामिल हुए चंद्राकर



**उतई।** ग्राम डुडेरा में भव्य मंडई मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर सम्मिलित हुए। उन्होंने देवी देवताओं की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया और विधिवत मंडई मेला का शुभारंभ किया। रात्रिकालीन प्रोग्राम रंग सरोवर की अनुपम प्रस्तुति हुई। जिसमें संगीत, नृत्य और नाटक की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने अपने उद्बोधन में कहा, किसान भाईयों के लिए फसल कटाई का समय एक महत्वपूर्ण पड़ाव होता है। मंडई मेला इसी खुशी और उत्साह का प्रतीक है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मरोदा–पुरैना मंडल अध्यक्ष राजू राकेश जंघेल, विधायक प्रतिनिधि गोविंद राम साहू, पार्षद खिलेंद्र 'विक्की' चंद्राकर, पार्षद रोहित धनकर, चंद्रशेखर, छाया पार्षद दुर्गेश साहू, इंद्रजीत सोनी, नंदू साहू, केशव महीपाल, तरुण बंजारे, पवन कुमार, ओंकार मार्कण्डेय, रमेश जैन, शिव साहू, धीरज साहू, चंदू गायकवाड़ और चेतन सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### आम हड़ताल में प्रदर्शन किया एटक ने



**जामुल।** संयुक्त इंजीनियरिंग श्रमिक संघ भिलाई (एटक) ने औद्योगिक क्षेत्र में बी. के. इंजीनियरिंग के गेट के सामने प्रदर्शन किया तथा नारेबाजी की। एटक अध्यक्ष जितेन्द्र पांडेय ने बताया कि 10 केंद्रीय सह संगठनो के अहवान पर आम हड़ताल पूरा समर्थन करते हुए सहभागिता दी गई। जिसमें नए लेबर कोड को श्रम विरोधी बताते हुए इसे वापस लेने की मांग की गई। इस प्रदर्शन में प्रमुख रुप से देवदत्त शर्मा उपाध्यक्ष , टी. ईश्वर राव, सुरेन्द्र यादव, जितेन्द्र चौधरी, विरेन्द्र प्रसाद, अशोक यादव, दयानाथ, राजेश सिन्हा, तारेकश्वर उपाध्याय, तुषण हिरवानी, तपन मजुमदार, अखिलेश शाह, रामप्रवेश, आशिफ खान, जितेन्द्र सोनीएल. विजय राव, रमाशंकर, पवन बया, रामकृष्ण, ढालसिंह, राजेश साहू, विजय तिवारी, एवं समस्त श्रमिक साथी शामिल हुए बी. के. कास्टिंग से उमेद्र दास मानिकपुरी, रामकुमार शर्मा, डोमार सिंह वर्मा मृत्युंजय सिंह, अशोक कुमार, पंकज कुमार एवं विनोद कुमार सोनी मुख्य वक्ता तथा राजुलाल श्रेष्ठ एटक यूनियन भिलाई शामिल थे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# स्थानीय मुद्दे और मान्यता यूनियन चुनाव नहीं होने से कर्मी हड़ताल में नहीं हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

केंद्र सरकार के पिछले 32 श्रम कानूनों को हटाकर 4 नए लेबर कोड के अधिसूचित किए जाने के खिलाफ खिलाफ कल गुरुवार को हुई देशव्यापी हड़ताल को भिलाई इस्पात संयंत्र में सफलता नहीं मिलने से प्रमुख ट्रेड यूनियनों में स्तब्ध और निराश हैं। हड़ताल की नाकामी को लेकर प्रमुख हड़ताली यूनियनें और वर्कर्स एक दूसरे को कठघरे में खड़ा कर रहे हैं। श्रमिक संगठन अब हड़ताल से किनारा करने के कारणोंऔर ऐन हड़ताल के दिन सरकार द्वारा श्रम विरोधी लेबर कोड को लागू कर दिए के खिलाफ समीक्षा में जुट रहे हैं। यूनियनों ने लेबर कोड के खिलाफ संघर्ष जारी रहने का ऐलान किया है। दस केंद्रीय यूनियनों व फेडरेशनों के आह्वान पर कल 12 फरवरी को यहां एनजेसीएस श्रमिक संगठनों सहित 7 यूनियनें यानी संयुक्त यूनियन द्वारा भिलाई इस्पात संयंत्र में भी हड़ताल को सफल बनाने की अपील की थी। इसके लिए यूनियनों के लोग पिछले महीनेभर से प्लांट व नान वर्क्स एरिया में कर्मचारियों से संपर्क करने के साथ प्रेस विज्ञप्तियों व सोशल मिडिया के माध्यम से आंदोलन को सफल बनाने रणनीतिक तैयारी में जुटे हुए थे। लेकिन इंटक, सीटू, एटक, एचएमएस, एक्टू,लोईमू और स्टील वर्कर्स यूनियनों के नेता, सक्रिय कार्यकर्ता और समर्थक ही एक दिनी अवकाश लेकर हड़ताल पर दिखे। आम वर्कर्स बड़े आराम से निश्चित होकर सभी शिफ्ट में ड्यूटी करते रहे। बीएमएस सहित छह स्थानीय यूनियनें भी हड़ताल में शामिल नही हुई। 22 हजार ठेका मजदूर भी हड़ताल में नहीं दिखे। बीएसपी में हड़ताल के फेल होने से प्रबंधन ने तो राहत की सांस ली लेकिन संयुक्त यूनियन के नेता उदासीन हैं। सयु ने खुद बकायदा बयान जारी कर वर्कर्स के हड़ताल में शामिल होने पर चिंता जाहिर कर लेबर कोड के मुद्दे को आम कर्मी तक पहुंचाने व आगे वापसी तक संघर्ष जारी रहने का ऐलान किया है। यूनियनें अब कर्मियों की सहभागिता नगण्य होने के कारणो की समीक्षा कर रहे हैं। हालांकि इस बार हड़ताली यूनियनों को अंदाज हो गया था कि आम कर्मियों का हड़ताल को प्रत्यक्ष समर्थन नहीं मिलेगा, जिसे देखते हुए पिछली देशव्यापी हड़तालों की तरह बीएसपी के सभी गेटों पर मोर्चा संभालने की तरह सिर्फ मेन गेट के करीब सेक्टर एक चौक पर ही डटने का निर्णय लिया। गुरुवार की हड़ताल असफल होने को लेकर बीडब्ल्यू सहित स्थानीय यूनियनें संयुक्त यूनियन को अपनी पालिसी के तहत कठघरे में खड़ा कर रही हैं।

## बीएसपी में हड़ताल के फेल होने से यूनियन कर रही समीक्षा



पिछले साल अक्टूबर में हुई हड़ताल बीएसपी में करीबन 40 फीसदी सफल रही थी। यूनियनों से जुड़े सूत्रों के मुताबिक इस सफलता की वजह लंबित अपूर्ण वेतन समझौता पूर्ण करने व 29 महीने का लंबित एरियर्स जैसे लोकल मुद्दे शामिल थे। लेकिन इस हड़ताल में ऐसी कोई सेल से जुडी मांग नहीं थी। आजादी के बाद श्रमिकों के संघर्ष से मिले 32 श्रम कानूनों को खत्म कर 4 संशोधित लेबर कोड खत्म करने की मांग राष्ट्रीय व बड़ा मुद्दा होते हुए भी यूनियनों द्वारा इसे अच्छी तरह वर्कर्स को समझा नहीं पाना भी उसकी उदासीनता एक कारण बताया जा रहा है। स्थानीय यूनियनें के भी किनारा करने से उनके समर्थक वर्कर्स शामिल नही हो सके। यूनियनों के अनुसार पिछले सफल हड़तालों की तरह प्रबंधन की ट्रांसफर जैसी कठोर कार्रवाई का डर व 4, 5 हजार वेतन कटने का नुकसान के चलते भी वर्कर्स हड़ताल में शामिल नही हुए। फिर वर्तमान में मात्र दस हजार कर्मचारी ही कार्यरत हैं यानी मेनपावर पहले जैसा नही रहा। इस दौरान प्रमुख यूनियनों की सोच व प्राथमिकताओं में बदलाव व नियोगी,रवि आर्य, पीके मोईत्रा, एमसी सोनी जैसे मास लीडर के नेतृत्व की कमी का भी आम वर्कर्स आंकलन कर रहा है। दो साल से बीएसपी में मान्यता यूनियन चुनाव नहीं होने से वर्कर्स सर्व स्वीकार्य लीडरशिप की कमी महसूस कर रहे हैं। इस बीच संयुक्त यूनियन ने पुरजोर विरोध व देश में 40 करोड़ मेहनतकशो के हड़ताल के बाद भी मोदी सरकार के लेबर कोड को लागू किए जाने से तानाशाही बताते हुए इस काले कानून की वापसी तक संघर्ष जारी रखने की चेतावनी दी है।

## खबर संक्षेप

### पंचायत सचिव निलंबित

**दुर्ग।** धमधा ब्लॉक के ग्राम ढौर के पंचायत सचिव सालिक राम ठाकुर को शासकीय कार्यों में गंभीर लापरवाही एवं कर्तव्य निर्वहन में उदासीनता के कारण निलंबित कर दिया गया है। सालिक पर आरोप है कि उन्होंने मादक पदार्थ का सेवन कर पंचायत में उपस्थिति दी। पंचायत निर्वाचन 2024-25 के दौरान कार्यों में अनुपस्थित रहे। एसआईआर के कामों में लापरवाही बरती। साथ ही निर्वाचन संबंधी कार्यों को बाधित करने के तथ्य सामने आए हैं। इसके अतिरिक्त जनपद पंचायत धमधा की मासिक बैठकों में बिना सूचना अनुपस्थित रहे। इसके आधार पर उन्हें निलंबित किया गया है।

### आधार पंजीकरण के लिए शिविर आज

**भिलाई।** दुर्ग डाक संभाग द्वारा संभागीय स्तर पर विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों के लिए 14 फरवरी की सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक विभिन्न स्थानों पर आधार पंजीकरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। भिलाई के मंदिर परिसर क्लब चौहान ग्रीन वैली में 14 और 15 फरवरी को शिविर आयोजित किया जाएगा।

### ट्रक में लगी आग

**भिलाई।** शुभम हाईटेक खड़े ट्रक में अचानक लग जाने से दमकल कर्मियों के मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक औद्योगिक नगरी जामुल स्थित शिवम हाईटेक की ट्रक सीजी 4 एलयू 5453 में आग लग गई। ट्रक में अचानक आग लगने से अफरा तफरी मच गई। दमकल टीम को सूचना मिलने पर मौके पर महेंद्र चंदेल समेत उनकी टीम पहुंची थी। दमकल कर्मियों ने पानी की बौछार से आग पर काबू पाया।

### केन्द्रीय विद्यालय के लिए स्वतंत्र भवन की मांग

**भिलाई।** सांसद विजय बघेल ने दुर्ग केन्द्रीय मानव संसाधन मंत्री से नेवई में संचालित केन्द्रीय विद्यालय के लिए स्वतंत्र भवन की मांग की है। ज्ञात हो कि वर्तमान में केन्द्रीय विद्यालय नेवई में पहली से बारहवीं तक कक्षा में विद्यार्थी अध्ययनत है। उक्त विद्यालय वर्तमान में सीआईएसएफ की भवन में संचालित है। इससे विद्यालय के अधोसरंचना विकास में अवरूद्ध हो रहा है। विद्यालय का अपना भवन होने से केन्द्रीय विद्यालय के प्रवेश क्षमता में वृद्धि होगी। सांसद बघेल ने कहा कि केन्द्रीय मानव संसाधन मंत्री द्वारा लोकसभा में जानकारी दी गई थी कि सीआईएसएफ द्वारा 2.80 हेक्टेयर (6.99 एकड़) जमीन का चिन्हांकन स्वतंत्र भवन बनाने के लिए कर लिया गया है।

## विडंबना : जेडी ने पहले ही शिक्षकों को हेडमास्टर पद में दी है पदोन्नति

# मनमाफिक जगह नहीं मिली तो 45% शिक्षकों ने प्रमोशन छोड़ा, 568 में 235 ने दी असहमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सालों बाद शिक्षकों को हेडमास्टर पद पर प्रमोशन मिला। जब पदस्थापना के लिए काउंसलिंग की गई तो 45 प्रतिशत शिक्षकों ने मनमाफिक जगह नहीं मिलने की वजह से अपना प्रमोशन छोड़ दिया। संयुक्त संभागीय शिक्षा संचालक द्वारा दस दिन पहले ही ई व टी संवर्ग के शिक्षकों को हेडमास्टर के पद पर प्रमोशन दिया गया है। दुर्ग संभाग के 568 पदोन्नत शिक्षकों को प्रधानपाठक के पद के लिए काउंसलिंग की प्रक्रिया शुक्रवार को पूरी की गई। ई संवर्ग के 505 तथा टी संवर्ग के 63 पूर्व माध्यमिक प्रधान पाठक पद पर काउंसलिंग की गई।

### 774 पदोन्नत शिक्षकों में से 539 शिक्षकों को मिलेगा आदेश



### शिक्षक संगठन के मेहनत पर फिरा पानी

खास बात यह है कि त्वरित और निर्बाध पदोन्नति तथा काउंसलिंग से पदस्थापना की प्रक्रिया शालेय शिक्षक संघ के पदाधिकारी लगातार जेडी कार्यालय से सम्पर्क बनाये रखे। संगठन का प्रतिनिधिमंडल कई बार अधिकारियों से मिलते रहा और पदोन्नति एवं काउंसलिंग की प्रक्रिया के लिए प्रयास किया लेकिन पदोन्नति मिलने के बाद इसे बड़ी संख्या में शिक्षकों ने छोड़ दिया। इस तरह शिक्षक संगठनों की मेहनत में पानी कई शिक्षकों ने पानी फेर दिया।

### 149 काउंसिलिंग में आए ही नहीं 86 शिक्षकों की असहमति

काउंसलिंग की प्रक्रिया तुलाराम आर्य कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय 12 एवं 13 फरवरी को रखी गई।प्रथम दिन ई संवर्ग के 400 प्रधान पाठकों में से 131 अनुपस्थित थे। 62 ने असहमति दी।207 प्रधान पाठकों ने पदस्थापना संस्था चयन किया। दूसरे दिन यानी शुक्रवार को ई संवर्ग के 105 में से 14 अनुपस्थिति, 10 असहमति दी। 81ने संस्था चयन किया। टी संवर्ग से 63 में से 4 अनुपस्थिति 12 असहमति,47 ने संस्था चयन किया। इस तरह 149 काउंसलिंग में नहीं आए और 86 ने असहमति दी। दोनों मिलाकर 235 शिक्षकों ने अपना प्रमोशन नहीं लिया है।

### पदोन्नति देकर प्रदेश का पहला संभाग बना था दुर्ग

संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग संभाग ने लगभग 774 शिक्षकों को पदोन्नति देकर माध्यमिक प्रधानपाठक बनाने वाला प्रदेश में पहला संभाग बना है। जिसने इस शैक्षणिक सत्र में पदोन्नति दी है। दुर्ग संभाग में पिछले शिक्षा सत्र में भी मिडिल एच की पदोन्नति हो चुकी है, जबकि प्रदेश के अन्य संभाग में यह प्रक्रिया उलझी हुई है। जिन शिक्षकों की काउंसिलिंग 12 फरवरी को हुई है उन्हें 20 फरवरी और 13 फरवरी को हुई काउंसिलिंग वाले शिक्षकों को 21 फरवरी तक ज्वाइन करने का आदेश है।

### 206 शिक्षकों को उसी स्कूल में पदस्थापना

काउंसिलिंग के बाद संभागीय संयुक्त शिक्षा संचालक द्वारा 333 प्रधान पाठकों का पदस्थापना आदेश जारी करने की तैयारी है। वहीं काउंसलिंग में अनुपस्थित कुल 149 शिक्षकों को संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग के मंथन हाल में 16 फरवरी को काउंसलिंग रखी गई है। संभाग की कुल 774 शिक्षकों को पदोन्नति दी गई थी जिसमें 206 शिक्षकों को यथावत उसी स्कूल में रखा गया है जहां पर खाली थे। दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, राजनांदगांव, कबीरधाम, मोहला-मानपुर और छुईखदान जिले के शिक्षकों को पदोन्नति दी गई है।

### 16 फरवरी को दोबारा मौका

अनुपस्थित शिक्षकों को दोबारा मौका दे रहे है। काउंसिलिंग उनकी 16 फरवरी को होगी। पहली पदस्थापना आदेश जल्द ही जारी कर देंगे। 20 व 21 फरवरी तक 333 सहमत व 206 यथावत शिक्षकों को ज्वाइन करने के निर्देश है।

**आरएल ठाकुर,** जेडी दुर्ग शिक्षा संभाग

### प्रमोशन सभी लें

संगठन ने मेहनत की। पदोन्नति एवं काउंसलिंग में जेडी का भरपूर सहयोग मिला हैं। गैरहाजिर शिक्षकों के लिए 16 फरवरी को और मौका है। सभी शिक्षक प्रमोशन लें।

**चन्द्रशेखर तिवारी,** कार्यकारी प्रांताध्यक्ष, छग शालेय शिक्षक संघ

## फरार वारंटियों की धरपकड़ कई वारंटियों को पकड़ा गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- न्यायालय से जारी स्थायी व गिरफ्तारी वारंट तामिली
- 32 स्थायी, 46 गिरफ्तारी वारंट तामील

लंबे समय से फरार वारंटियों के खिलाफ पुलिस ने अभियान चलाकर गिरफ्तार किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि थाना चौकी क्षेत्रों में लंबित स्थायी, गिरफ्तारी वारंटों की तामीली के लिए अभियान चलाया गया।

आपराधिक प्रकरणों में फरार चल रहे वारंटियों की पतासाजी कर टीम बनाकर धरपकड़ शुरू की गई। वारंटियों को पकड़कर न्यायालय में पेश किया गया। इसमें 32 स्थायी वारंट और 46 गिरफ्तारी वारंट तामिल किए गए। इसके अलावा 16 ऐसे वारंटियों के बारे में पता चला, जिनकी मौत हो चुकी है। इसमें दुर्ग, अंजोरा, छावनी, पुरानी भिलाई, खुर्सीपार, उतई, भिलाई भट्ठी, सुपेला, जेवरा सिरसा, भिलाई नगर, जामुल, अमलेश्वर, धमधा, मोहन नगर, वैशाली नगर, पद्मनाभपुर, पुलगांव, नगपुरा, स्मृति नगर, कुम्हारी, पाटन, नंदिनी नगर, बोरी, रानीतराई शामिल है।

## चौपाल में योजनाओं की दी जानकारी



**भिलाई।** आजीविका मिशन रोजगार गारंटी कार्यक्रम के तहत दुर्ग जिले के ग्राम नगपुरा, अंजोरा और ढाबा में चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दुर्ग जनपद पंचायत की अध्यक्ष कुलेशवरी देवांगन, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कन्हैया सोनी, किसान मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अशोक गुप्ता, प्रदेश कार्य समिति सदस्य पिछड़ा वर्ग संजय जयसवाल सहित सरपंच, रोजगार गारंटी में कार्य करने वाले मजदूर व ग्रामीण उपस्थित थे। ग्रामीणों को बताया गया कि विकसित भारत रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन ग्रामीण जिसे वीबी-जी राम जी योजना/अधिनियम 2025 कहा जाता है, मनरेगा का एक उन्नत रूप है। यह ग्रामीण परिवारों को 100 की जगह सालाना 125 दिनों की रोजगार गारंटी, समय पर मजदूरी और बेहतर बुनियादी ढांचे का निर्माण प्रदान करता है ।

## रिसाली एमआईसी ने 305 पेंशन के नए आवेदनों को किया मंजूर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पेंशन धारियों के खातें में राशि नहीं आने से महापौर परिषद ने समाज एवं कल्याण विभाग को पत्र लिखा है। रिसाली महापौर शशि सिन्हा ने कहा पेंशन हितग्राहियों को पेंशन के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। परिषद के सदस्यों ने बैठक में 305 नए आवेदनों को अनुमोदन भी किया। महापौर परिषद के सदस्यों ने अप्रैल 2025 से जनवरी 2026 तक प्राप्त 305 पात्र आवेदनों का अनुमोदन किया। पात्र में केन्द्रीय पेंशन योजना के 247 एवं राज्य पेंशन योजना के 58 लोग शामिल है।परिषद के सदस्यों का कहना था कि नवम्बर 2025 से पेंशन हितग्राहियों के खाते में राशि नहीं आई है। चर्चा के दौरान खुलासा हुआ कि विभाग से ही राशि का आवंटन नहीं हुआ है। इसे महापौर परिषद के सदस्यों ने गंभीरता से लिया और समाज कल्याण विभाग को पत्र लिखने का निर्णय लिया।

### इस तरह मिलती है पेंशन

केन्द्रीय पेंशन एवं राज्य शासन की पेंशन योजना के तहत वृद्धा, विधवा, दिव्यांग पेंशन के तहत 500-500 और समाजिक सुरक्षा के तहत 49 वर्ष से कम आयु में विधवा होने पर 20 हजार की सहायता दी जाती है। योजना का लाभ लेने बी.पी.एल. होना अनिवार्य है। महापौर परिषद की बैठक में महापौर शशि सिन्हा, एमआईसी संजू नेताम, जहीर अब्बास, अनिल देशमुख, रोहित धनकर, आयुक्त मोनिका वर्मा, कार्यपालन अभियंता सुनील दुबे समेत विभाग प्रमुख उपस्थित थे।

## जनहित में भूमि को 30 वर्ष की लीज पर देने के निर्णय का विरोध

**भिलाई।** विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण के तहत जनहित के लिए सुरक्षित रखी गई भूमि को 100 आवासीय और व्यावसायिक भूखंडों के रूप में 30 वर्ष की लीज पर देने के प्रस्ताव का नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा ने विरोध किया है। इस निर्णय का कड़ा विरोध करते हुए उन्होंने कहा है कि यह सिर्फ जमीन का मामला नहीं, बल्कि बच्चों और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य से जुड़ा सवाल है। नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा ने बताया कि शहर में पहले



से ही खेल मैदानों और खुले सार्वजनिक स्थलों की कमी है। ऐसे में यदि इस भूमि का व्यावसायिक उपयोग किया जाता है, तो बच्चों के पास खेलने के लिए सुरक्षित जगह नहीं बचेगी। इसका सीधा असर बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास पर पड़ेगा। उनका स्पष्ट मत है कि जनहित के लिए सुरक्षित भूमि को लीज पर देना शहर के दीर्घकालीन विकास के खिलाफ है। उनका कहना है कि प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी बच्चों के लिए खेल मैदान, पार्क और सामुदायिक उपयोग के खुले स्थानों को संरक्षित रखना है। प्रस्तावित 30 वर्ष की लीज प्रक्रिया को तत्काल रोका जाए और उक्त भूमि को स्थायी रूप से खेल मैदान एवं सार्वजनिक उपयोग के लिए आरक्षित घोषित किया जाए। साथ ही इस विषय पर खुली जनसुनवाई आयोजित करने और भूमि आवंटन से जुड़े सभी दस्तावेज सार्वजनिक करने की भी मांग की गई है। उन्होंने बताया कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो वे शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से अपना विरोध दर्ज कराएंगे।

## विकसित भारत के लक्ष्य को पूर्ण करने पंच से लेकर पार्लियामेंट तक जीतने होंगे हर चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग




- भाजपा की जिला स्तरीय संगठनात्मक बैठक, आगामी कार्य योजनाओं पर हुई चर्चा

भारतीय जनता पार्टी के नवीन कार्यकारिणी और विस्तार घोषणा के पश्चात जिला स्तरीय बैठक क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल के मुख्य उपस्थिति में जिला भाजपा कार्यालय में हुई। बैठक में भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय, भाजपा दुर्ग संभाग प्रभारी प्रदेश उपाध्यक्ष जगन्नाथ पाणिग्रही, दुर्ग जिला संगठन प्रभारी और भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नंदन जैन, मंत्री गजेंद्र यादव सहित जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, भाजपा प्रदेश मंत्री जितेंद्र वर्मा उपस्थित थे। बैठक में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल ने आगामी कार्य योजनाओं पर चर्चा के बाद पदाधिकारी से दायित्व निर्वाह करने का आह्वान किया।

क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल ने कार्यकर्ताओं से कहा कि सभी को नई दायित्व प्राप्त हुई है। सभी को संगठनात्मक दायरे में रहकर दायित्व का निर्वाह करना है। सभी को यह संकल्प लेना है कि अगली बार हमारी सरकार बने तो पूर्ण बहुमत की सरकार बने। पिछले बार से भी ज्यादा सीट जीतकर हमारी सरकार आए। इसका चिंतन हम सभी को करना है। उन्होंने कहा कि कोई भी ऐसा कार्य नहीं करना है जिससे भारतीय जनता पार्टी की छवि को नुकसान पहुंचे। सभी को सर्वप्रथम राष्ट्रवाद की भावना को प्रथम रखना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेतृत्व वाली सरकार की योजनाओं और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार की योजनाओं के माध्यम से हर घर में कोई ना कोई लाभांवित है। हम उनसे मिलकर सरकार की योजनाओं की फीडबैक लेकर उनसे आवश्यक सुझाव लेकर अपने वरिष्ठ नेताओं को अवगत कराने का भी कार्य करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए हमें लगातार पंच से लेकर पार्लियामेंट तक का हर चुनाव जीतना होगा। बैठक का संचालन दिलीप साहू ने और आभार प्रदर्शन विनोद अरोरा ने किया। बैठक में विधायक ललित चंद्राकर, साजा विधायक ईश्वर साहू, महापौर अल्का बाघमार, केएस चौहान, दिलीप साहू, विनोद अरोरा, शिवेंद्र परिहार, हर्षा चंद्राकर, सरिता मिश्रा आदि उपस्थित थे।

## भिलाई निगम आयुक्त पांडेय ने की विभागों की समीक्षा

# राजस्व वसूली में तेजी लाने और विकास कार्यों को समय पर पूरा करने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार कक्ष में निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में निगम की आय में वृद्धि के उपायों और शहर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। राजस्व वसूली पर विशेष जोर देते हुए आयुक्त ने निकाय की वित्तीय स्थिति को सुदृढ़ करने हेतु संपत्तिकर, समेकित कर, जलकर, निर्यात कर और दुकानों के किराए की वसूली को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। साथ ही विज्ञापन होर्डिंग्स, पार्किंग, यूजर चार्ज और भवन भूखंडों से प्राप्त होने वाली आय की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को फील्ड स्तर पर सक्रिय होकर कार्य करने को कहा।

### अधिकारी व कर्मचारी फील्ड में जाएं

आयुक्त पांडेय ने कहा कि अधिकारी एवं कर्मचारी केवल कार्यालय तक सीमित न रहें, बल्कि फील्ड में उतरकर कार्यों की निगरानी और वसूली सुनिश्चित करें। कर्मचारियों के वेतन भुगतान और विद्युत देयकों के समय पर निपटान के संबंध में आवश्यक चर्चा की गई। योजनाओं का समुचित क्रियान्वयन हेतु निर्देशित किया गया है। 15वें वित्त आयोग, अधोसंरचना मद, नालंदा परिसर और नगरोत्थान जैसी शासन की योजनाओं के तहत स्वीकृत कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।





### नियमित पेयजल आपूर्ति हो

आयुक्त पांडेय ने नागरिकों के लिए निर्बाध पेयजल आपूर्ति और मंत्री की घोषणाओं से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने पर बल दिया गया। लोक कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की गई। उन्होने बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, अमृत मिशन, स्वच्छ भारत मिशन और गोधाम योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। आयुक्त ने मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना, ऑनलाइन संपत्तिकर भुगतान की सुविधा और मुक्तिधामों के रखरखाव जैसे विषयों पर भी विशेष ध्यान देने को कहा। इसके अतिरिक्त, 'मॉर्निंग विजिट' के माध्यम से शहर की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में मुख्य रूप से उपायुक्त डीके कोसरिया, अधीक्षण अभियंता अजीत तिग्गा, जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत , कुलदीप गुप्ता, लेखाधिकारी चंद्रभूषण साहू, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, राजस्व अधिकारी, सहायक राजस्व अधिकारी, अभियंतागण आदि उपस्थित रहे।



# हरिभूमि लाइव

रायपुर, शनिवार 14 फरवरी 2026

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129



02



कल भोले की बारात


लाइव इवेंट

## हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की प्रावीण्य सूची में छात्राओं ने 8 गोल्ड और 36 ने मेरिट लिस्ट में पाया स्थान







**भिलाई।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा घोषित प्रावीण्य सूची नतीजों में भिलाई महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन किया हैं। इस वर्ष भी प्रावीण्य सूची में महाविद्यालय की 8 छात्राओं ने गोल्ड मैडल और 36 छात्राओं ने मेरिट लिस्ट में अपना स्थान बनाया। जिसमें काजल उइके एम.एस.सी.बॉटनी, फिजा कुरैशी एम.एस.सी.जूलॉजी, श्वेता निर्मलकर एम.एच.एस.सी.एच.डी., दिव्या सिंह राजपूत एम.एच.एस.सी.टेक्सटाइल एंड क्लोथिंग,अर्चना सिन्हा एम.कॉम., प्रियंका एम.एस.सी.गणित, काजल साहू एम.एस.सी.कंप्यूटर साइंस, ख़ुशी विश्वकर्मा बी.एस.सी.होमसाइंस ने गोल्ड मेडल लेकर विश्वविद्यालय की प्रावीण्य सूची में अपना स्थान बनाया। एम.एस.सी.बॉटनी से पूजा कन्नौजे, एम.एस.सी.बायोटेक्नोलॉजी ख़ुशी और नंदनी मंथापुरवार, एम.एस.सी.जूलॉजी पियल चावड़ा, निदा कुरैशी, एम.एस.सी.फिजिक्स दिव्या साहू, पूजा देशमुख, एम.एच.एस.सी.एच.डी अर्चना टेकाम, प्रिया सिंग, ख़ुशी शर्मा, वंशिका पटेल, एम.एच.एस.सी.टेक्सटाइल एंड क्लोथिंग वंशिका सिंग, दीपिका बगाहे, लीना माटे,लालिमा साहू, विधि साहू, पूर्णिमा साहू, लाडली कोसरिया, एम.एस.सी.कंप्यूटर साइंस नाज़रीन, ललिता पांडेय, चित्रलेखा साहू, रूपाली वर्मा, मीनाक्षी, स्नेहा मौर्य, एम.एस.सी.गणित रिया, महिमा यादव, बी.सी.ए. अनुष्का वर्मा, बी.एस.सी.होमसाइंस अदिति देवांगन, लिप्सा गौड़ा, हर्षजीत कौर गिल, अंकिता दीप, बी.ए. वी.सायनी, बी.एस.सी.गणित हिमाक्षी, कृति चंद्राकर, बी.एस.सी. बायोलॉजी ओजस्वी वर्मा, बी.एस.सी.कंप्यूटर साइंस प्रशंसा राजपूत ने मेरिट लिस्ट में अपना परचम लहराया।भिलाई एजुकेशन ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी विजय कुमार गुप्ता, भिलाई महिला महाविद्यालय के चेयरमैन अरविंद जैन, प्राचार्या प्रतिभा छाया क्लॉडियस ने छात्राओं की सफलता पर उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

लाइव इवेंट

## जूनियर्स ने सीनियर्स का किया तिलक, स्वर्णिम यादों के साथ हुआ फेयरवेल



**भिलाई।** नंदिनी माइंस डी.ए.वी.इस्पात पब्लिक स्कूल नंदिनी के परिसर में कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए एक आशीर्वाद और विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के विद्यालय जीवन की स्मृतियों को संजोते हुए उन्हें अनुशासन, नैतिक मूल्यों एवं उज्ज्वल भविष्य की दिशा में आगे बढ़ने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत हवन कर किया गया। जिसके माध्यम से विद्यार्थियों के सफल, स्वस्थ एवं संस्कारयुक्त जीवन की कामना की गई। इस दौरान ग्यारहवीं के विद्यार्थियों द्वारा बारहवीं के विद्यार्थियों का तिलक और पुष्प अर्पित कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों ने अपने संबोधन प्रस्तुत कर सीनियर्स के प्रति सम्मान, स्नेह एवं शुभकामनाएं व्यक्त की। कार्यक्रम के दौरान स्वर्णिम यादों की झलक शीर्षक पर वीडियो प्रस्तुति दिखाई गई, जिसने सभी को स्मृतियों की यात्रा पर ले जाकर भावुक कर दिया। इसके साथ ही विद्यार्थियों के लिए मनोरंजक एवं सहभागितापूर्ण खेलों का आयोजन किया गया, जिससे वातावरण उल्लासपूर्ण बन गया।खेलों के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए तथा विद्यार्थियों को विभिन्न शीर्षक से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मिस फेयरवेल का खिताब सृष्टि यादव को तथा मास्टर फेयरवेल का खिताब विकल्प खरब को प्रदान किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक किशोर चंद्र बारीक और रमेश मिश्रा ने विद्यार्थियों को कहा कि अनुशासन, नैतिक मूल्य, परिश्रम एवं सकारात्मक सोच से ही जीवन में सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों को मूल्यों और संस्कारों के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका योगिता शर्मा ने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि संस्कारों और चरित्र निर्माण की भूमि है। उन्होंने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास, संयम और कर्तव्यनिष्ठा के साथ जीवन में आगे बढ़ने का संदेश देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान विद्यालय के संस्कृत शिक्षक सेनापति दंडसेना और ज्योति देवांगन सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन शांति पाठ के साथ हुआ।

### लायंस क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर विभिन्न आयोजनों में होंगे शामिल

**भिलाई।** लायंस क्लब के डिस्ट्रिक्ट 3233 सी के गवर्नर पीएमजेएफ लायन विजय अग्रवाल और एमजेएफ लायन राज कुमार शर्मा रीजन चेयरपर्सन लायंस क्लब पीनाकल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस अवसर पर लायंस क्लब भिलाई पिनाकल के स्थायी सेवा गतिविधियों जैसे लायन मेडिसिन बैंक, डाइबीटिक सेंटर, चायन चौक, लायन आटा बैंक, लायन गार्डन, लायन विजन सेंटर, रलायन पौढ़ शिक्षा केन्द्र का अवलोकन करेंगे।

मठ-मंदिर संरक्षण एवं सेवा समिति दुर्ग द्वारा अनूठी पहल, घर-घर निःशुल्क बांटे जाएंगे कैलेंडर

# तीज-त्योहारों की तारीख को लेकर अब नहीं रहेगी भ्रम की स्थिति, पंडितों ने एकरूपता लाने देव पंचांग को आधार बनाकर तैयार किया कैलेंडर

दुर्ग। हर साल की तरह इस साल भी होली और दीपावली त्योहारों को लेकर भ्रम की स्थिति है। अलग-अलग पंचांगों में अलग-अलग तारीख बताई जा रही है। इस भ्रम को दूर करने के लिए जिले के पंडितों ने एकजुट होकर एक नया प्रयोग किया है। उन्होंने देव पंचांग और अन्य पंचांगों को आधार बनाकर एकरुपता लाने के लिए नया कैलेंडर तैयार किया गया है। इस कैलेंडर को जिले के हर मंदिर और देवालयों में उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही फ्री में घरों तक पहुंचाया जाएगा, ताकि लोगों को किसी भी प्रकार का भ्रम न रहे। इसे लेकर शहर के प्रमुख मंदिरों में चंडी मंदिर, राम मंदिर, खाटू श्याम मंदिर, शीतला मंदिर के पुजारी और प्रतिष्ठित कथावाचकों ने सामूहिक रूप से मंथन कर नया कैलेंडर जारी किया है। कैलेंडर अंग्रेजी से बजाए हिंदी पंचांग के हिसाब से यानी चैत्र, बैसाख, जेठ, आषाढ़, सावन, भादों, क्वांर, कार्तिक, अघहन महीने के हिसाब से तैयार किया गया है।

दुर्ग जिले के रहवासियों को व्रत और पर्व को लेकर तिथियों के भ्रम का अब सामना नहीं करना पड़ेगा। इसके समाधान के तौर पर नवगठित मठ-मंदिर संरक्षण एवं सेवा समिति दुर्ग द्वारा तिथियों में एकरुपता लाने अनुठा पहल किया गया है। इसके तहत सर्व प्रसारित देव पंचाग को आधार मानकर और दुर्ग जिले के प्रमुख विद्वान पंडितों के मार्गदर्शन में एक कैलेण्डर (व्रत-पर्व दिग्दर्शिका) तैयार कराया गया है। 4 माह में बना यह कैलेण्डर सन 2027 तक के लिए उपयोगी होगा। हिन्दू मान्यताओं के अनुसार कैलेण्डर में 12 महीनों के हिसाब से सभी व्रत और पर्व का उल्लेख है। जिससे विभिन्न कैलेण्डरों में तिथियों में विभिन्नता की वजह से व्रत और पर्व मनाने पैदा हो रही भ्रम की स्थिति से लोगों को छुटकारा मिलेगा। यह कैलेण्डर व्रत और पर्व की तिथियों में एकरुपता लाएगा, साथ ही दुर्ग जिले में व्रत और पर्व एक तिथि में ही मनने से लोगों में दुगुनी खुशियों का संचार होगा। अपने तरह के अनुठे कैलेण्डर (व्रत-पर्व दिग्दर्शिका) का



समिति द्वारा विधिवत विमोचन भी कर दिया गया है। समिति द्वारा यह कैलेण्डर प्रारंभिक चरण में 5 हजार लोगों को निःशुल्क बांटे जाएंगे। इसके अलावा आगामी दिनों में कैलेण्डर हिन्दू समाज के लोगों के घर-घर तक पहुंचाने का समिति द्वारा लक्ष्य निर्धारित किया गया है। पंडित जय शर्मा (चंडी मंदिर), पंडित संतोष पाठक (राम मंदिर गांधी चौक), कथावाचक पंडित मनोज पांडेय, पंडित डॉ. निलेश शर्मा ने सामूहिक रूप से बताया कि बड़े प्रयासों और पंचांगों का अध्ययन कर इस कैलेंडर को तैयार किया गया है।

### मठ-मंदिर संरक्षण एवं सेवा समिति का किया गया गठन

तीज-त्योहारों के संरक्षण के लिए मठ-मंदिर संरक्षण एवं सेवा समिति दुर्ग का गठन किया गया है। इसके अध्यक्ष मंगल प्रसाद गुप्ता, सचिव संजय साहू, सदस्य मुकेश राठी, रघुनंदन उजाला, कमल सोनी, कमल विस्वाल, सुनील शर्मा, दिलीप गुप्ता, सुदीप सनातनी, अधिवक्ता आशीष शर्मा, अखिलेश अग्रवाल, विनोद देवांगन व अन्य सदस्य बनाए गए हैं। चर्चा में मठ-मंदिर संरक्षण एवं सेवा समिति के अध्यक्ष मंगल प्रसाद गुप्ता ने बताया कि विभिन्न कैलेण्डरों के तिथियों में भिन्नता की वजह से दीपावली, होली व अन्य बड़े त्यौहार व व्रत को लेकर हिन्दू समाज में भ्रम की स्थिति पैदा होते आई है। इन व्रत और पर्व की तिथियों में एकरुपता लाने समिति द्वारा कैलेण्डर तैयार करवाया गया है। यह कैलेण्डर पंडित जय शर्मा, पंडित संतोष पाठक, पंडित मनोज पांडेय, पंडित डॉ. निलेश शर्मा के मार्गदर्शन में बनाया गया है। इसके अलावा राधाकृष्ण मंदिर के पंडित रहे स्व. पवन द्विवेदी ने भी कैलेण्डर निर्माण में अहम भूमिका निभाई है।



### बड़े संतों, पुजारी, कथावाचक, आचार्यों से पूछकर तैयार किया गया है कैलेंडर

मंगल गुप्ता ने बताया कि कैलेण्डर निर्माण में जिले के मंदिरों के पंडित व व्यवस्थापकों की भी राय ली गई है। यह कैलेण्डर प्रत्येक मंदिरों में भी लगाए जाएंगे। कैलेण्डर के माध्यम से मंदिर के पंडितों द्वारा श्रद्धालुओं को व्रत और पर्व की तिथियों से अवगत कराया जाएगा। जिससे लोग एक तिथि में व्रत व पर्व मना सकेंगे। कैलेण्डर का मंदिरों और लोगों में निःशुल्क वितरण शुरू कर दिया गया है। समिति के अध्यक्ष मंगल प्रसाद गुप्ता ने बताया कि वर्तमान में यह समिति दुर्ग जिले में हिन्दू समाज के कल्याणार्थ कार्य कर रही है। भविष्य में समिति द्वारा प्रांत स्तर पर कार्य करने की योजना है।

## मंत्रोच्चार कर शरीर के अंगों का किया पवित्रीकरण साधकों ने शिव स्वरूप मानकर की आध्यात्मिक तैयारी

स्कन्दाश्रम में महारुद्रम महोत्सव का दूसरा दिन

**भिलाई।** स्कन्दाश्रम में रूद्रम शिवरात्रि महोत्सव का पांच दिवसीय आयोजन किया गया है। 16 फरवरी तक चलने वाले इस महोत्सव के दूसरे दिन दीदी शिवरंजनी के मार्गदर्शन में सप्तीगिरी शास्त्रीगल इरोड तमिलनाडु और उनके साथी वेदाचार्यों द्वारा विधि-विधान से पूजा संपन्न काराई गई। शुक्रवार को महारुद्रम के दूसरे दिन के महोत्सव की पूज7 बजे महान्यासम से प्रारंभ हुई, जिसमें सभी भक्तों ने उमा महेश्वर और महादेव को 8 और 13 बार सास्टांग नमस्कार किया, जिससे उनके मन और शरीर की शुद्धि हो सके। तत्पश्चात दूसरे और तीसरे काल की पूजा दिव्य रूप से सम्पन्न हुई। शाम के समय चारों वेदों के पारायण किया गया। जिसके साथ नामावली भजन और संकीर्तन भी किए गए। दीदी शिवरंजनी ने महान्यासम के बारे में अधिक जानकारी देते हुए बताया कि यह कृष्ण यजुर्वेद का भाग है और भगवान शिव को समर्पित एक प्राचीन वैदिक अनुष्ठान है, जिसे रुद्रम पाठ से पूर्व किया जाता है। इसमें मंत्रों द्वारा शरीर के विभिन्न अंगों का पवित्रीकरण कर साधक स्वयं को शिव स्वरूप मानकर आध्यात्मिक तैयारी करता है। यह विशेष रूप से रुद्राभिषेक और महाशिवरात्रि जैसे अवसरों पर किया जाता है। इस पांच दिवसीय आयोजन में स्कन्दाश्रम परिसर में 11 काल में 11 वेदाचार्यों द्वारा 1331 बार रूद्रम और अभिषेकम किया जाएगा।






## कराटे ट्रेनिंग में 70 बालक बालिकाओं ने किया बेहतर प्रदर्शन



**भिलाई।** बीएमवाई इंस्टीट्यूट में कराटे ट्रेनिंग प्राप्त कर रहे बालक-बालिकाओं ने टेस्ट शानदार प्रदर्शन किया। संस्थान में 70 से अधिक बच्चों ने ट्रेनिंग लिया। सेक्टर 6 भिलाई में कराटे बेल्ट टेस्ट का आयोजन किया गया। परीक्षा में कुल 39 बच्चों ने सफलतापूर्वक उत्तीर्णता हासिल की। परीक्षा ब्रह्मैया नायडू के नेतृत्व में हुआ। सभी प्रमाण पत्र दिल्ली से अनुमोदन के बाद दिया जाएगा। इस अवसर पर बच्चों ने अनुशासन के साथ-साथ उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों को कराटे का ट्रेनिंग कोच उमा महेश्वर, कोच सागर, कोच आलिया ने दिया। बच्चों ने जिला स्तर पर प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर पदक हासिल की। खेल एवं मार्शल आर्ट्स कार्यक्रम बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वा, शारीरिक सुदृढ़ता को बढ़ावा देने में सहायक साबित होते है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रेलवे ज्वाइंट सचिव बिलासपुर डी विजय कुमार थे।

दुर्ग के 8वें फ्लावर शो को लेकर बढ़ा उत्साह, बड़ी संख्या में पंजीयन करवाने पहुंच रहे हैं प्रतिभागी

कार्नर न्यूज

# रंग-बिरंगे फूलों से महक उठेगा राजेंद्र पार्क, मैगा फ्लावर शो आज, प्रकृति प्रेमियों में उत्साह

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा आयोजित भव्य फ्लावर शो को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिसके लिए शहर के प्रमुख उद्यान राजेंद्र पार्क को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। रंग-बिरंगे फूलों, साज-सज्जा एवं विशेष सजावटी पौधों से पूरा पार्क सजकर तैयार हो गया है, जहां आज भव्य फ्लावर शो का आयोजन किया जाएगा। आयोजन का यह 8वां वर्ष है। जिसमें दुर्ग-भिलाई के प्रकृति प्रेमी हिस्सा लेंगे।

आयोजित होने वाले भव्य फ्लावर शो को लेकर शहरवासियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए शहर क्षेत्र के कोने-कोने से भी इच्छुक व्यक्ति अपना पंजीयन करवा रहे हैं। घर-आंगन में उगाए गए आकर्षक फूलों एवं सजावटी पौधों को प्रदर्शित करने के लिए नागरिक बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।

आयुक्त सुमित अग्रवाल ने पर्यावरण प्रभारी काशीराम कोसरे सहित अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को कार्यक्रम के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा कि फ्लावर शो नगरवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र होगा, इसलिए आयोजन स्थल पर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रहनी चाहिए। फ्लावर शो के लेकर आयोजक पूरे उत्साह के साथ आयोजन को सफल बनाने में जुटे हुए है।



### पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने का एक सार्थक प्रयास- महापौर

आयोजन के संबंध में महापौर अलका बाघमार ने कहा कि यह फ्लावर शो केवल एक प्रदर्शनी नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने का एक सार्थक प्रयास है। उन्होंने शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करने एवं अपने घरों में हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया। पर्यावरण प्रभारी काशीराम कोसरे ने कहा कि फ्लावर शो के माध्यम से नागरिकों को प्रकृति से जोड़ने एवं स्वच्छ एवं हरित दुर्ग के निर्माण का संकल्प साकार करने का अवसर मिलेगा।

### प्रतिभागियों को किया जायेगा पुरस्कृत

फ्लावर शो का आयोजन शहर के प्रमुख उद्यान राजेंद्र पार्क में किया जाएगा, जहां विभिन्न श्रेणियों में प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। आयोजन को लेकर निगम प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा, जिससे लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता और बढ़ेगी।





समाज इवेंट

# अग्रवाल समाज की अध्यक्ष बनीं नीलू, कोषाध्यक्ष तृप्ति



■ अग्रवाल समाज महिला मंडल और युव मित्र की नई कार्यकारिणी घोषित

**दुर्ग।** अग्रवाल समाज दुर्ग में वर्ष 2026–28 के लिए महिला मंडल की नई कार्यकारिणी का विधिवत गठन किया गया। समाज के पदाधिकारियों एवं वरिष्ठजनों की उपस्थिति में नवगठित टीम की घोषणा की गई। सभी नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए समाज की गतिविधियों को और अधिक सक्रिय एवं सशक्त बनाने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

महिला मंडल का कार्यकाल 2026 से 2028 तक रहेगा। महिला मंडल की कार्यकारिणी में संरक्षक के रूप में आरती विष्णु अग्रवाल तथा मुख्य सलाहकार के रूप में सरिता दयानंद गोयल को दायित्व सौंपा गया है। अध्यक्ष पद पर नीलू विजय अग्रवाल, महासचिव श्वेता सुमित अग्रवाल, सचिव प्रीति मनोज राजगढ़िया, कोषाध्यक्ष तृप्ति एलएन अग्रवाल तथा सह-कोषाध्यक्ष कविता पंकज रूंगटा को नियुक्त किया गया है। उपाध्यक्ष पद पर अंजू प्रकाश खेतान, वंदना राजेश गुप्ता, सारिका मनोज अग्रवाल, अनीता गौरीशंकर अग्रवाल, मंजू कमलेश रूंगटा, सरोज प्रकाश अग्रवाल एवं संजना बंशीधर पोद्दार को दायित्व दिया गया है। मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सीमा संदीप खेतान, सुमन नरेश मोदी, शारदा मुरारी अग्रवाल एवं सीमा ललित सेक्सरिया को सौंपी गई। मंच व्यवस्था की जिम्मेदारी रितु विनीत रूंगटा, श्रद्धा अतुल अग्रवाल, रजनी विमलेश रूंगटा एवं पायल अनिल बंसल को दी गई। स्वागत प्रभारी गायत्री पंकज कीर्तुका, संगीता सतीश गोयल, दीप्ति विनीत बंसल एवं स्मिता विकास मित्तल को नियुक्त किया गया है। सांस्कृतिक प्रभारी नीतू शरद गर्ग, मोना पवन जिंदल, मीनू मनीष अग्रवाल, भोजन व्यवस्था मनीषा सतीश अग्रवाल, शालिनी अमित अग्रवाल, मुक्ता प्रवीन गर्ग, ममता दिनेश अग्रवाल, कपिला संजय अग्रवाल एवं श्वेता संजय रूंगटा को सौंपी गई। अंजू संजय सिंघल, अनीता नवल अग्रवाल को कार्यकारिणी में शामिल किया गया।

● शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में.. मल्टीडिसिप्लिनरी राष्ट्रीय सेमिनार

# ई कॉमर्स और डिजिटल मार्केटिंग ने छोटे व्यवसायों को दुनिया के ग्राहकों तक पहुंचाया, नवाचार में आया परिवर्तन

**भिलाई।** श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में वाणिज्य विभाग के तत्वावधान में दो दिवसीय बहुविषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई। वाणिज्य और प्रबंधन में तकनीकी नवाचार की भूमिका पर आधारित संगोष्ठी में वक्ताओं ने अपने-अपने विचार साझा करते हुए चर्चा किये। संगोष्ठी की संयोजक और विभागाध्यक्ष डॉ संजू सिंग ने जानकारी देते हुए बताया कि दो दिवसीय बहुविषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी में विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति दी गई। साथ ही उन्होंने नवाचार पर प्रेजेन्टेशन भी प्रस्तुत किया। संगोष्ठी का उद्घाटन हेमचंद विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ संजय तिवारी ने किया।



## समय के साथ व्यापार और तकनीकी ने की प्रगति

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति आई पी मिश्रा ने कहा कि आजादी के बाद से जब हम 50 करोड़ से 150 करोड़ हो गए हैं समय के साथ व्यापार और तकनीकी ने व्यापक प्रगति की है। ये दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। व्यवसाय में नवाचार ने व्यापार करने के तरीके को ही नहीं बल्कि उपभोक्ताओं के सोचने और खरीददारी के तरीकों को भी बदला है। इसके अलावा भुगतान प्रणाली में भी क्रांतिकारी परिवर्तन हुआ है, नेट बैंकिंग, डिजिटल वॉलेट से कैश पर निर्भरता कम हुई है। उन्होंने संस्कृत की चौपाइयों के माध्यम से भारतीय ज्ञान परम्परा के सारगर्भित उदाहरण से नवाचार का उल्लेख किया।



## सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गई

कार्यक्रम में विधार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जिसे सभी ने सराहा।कार्यक्रम का संचालन डॉ अंजू कुमारी, हीना गोदवानी, विमल कुमार, कल्पना त्रिवेदी, प्रशांत सुदेलवार, प्राची शर्मा, पूर्वी मिश्रा, संगीता तिवारी, मयूरी असाटी, रेशु चौरसिया ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विभिन्न महाविद्यालयों के शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## पुस्तक का विमोचन भी किया गया

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए डॉ जया मिश्रा ने कहा कि ए आई, मशीन लर्निंग व्यवसायों को बेहतर डेटा आधारित निर्णय लेने में मदद कर रही है।इन्वेंटरी सोफ्टवेयर और डेटा एनालिटिक्स से प्रबंधन आसान हुआ है। क्लाउड कम्प्यूटिंग और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से सुदूर तक पहुंच बनी है। उन्होंने डिजिटल इंडिया और स्टार्टअप की विस्तृत चर्चा की। संगोष्ठी में कल्याण मुंबई की प्रोफेसर अनीता मन्ना, उच्च शिक्षा विभाग के अपर संचालक डॉ तपेश चंद गुप्ता, प्रोफेसर एच पी सिंह सलूजा, डॉ हंसा शुक्ला ने भी व्याख्यान दिया। बड़ी संख्या में शोधार्थियों और शिक्षकों ने शोध पत्र की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर स्मारिका तथा प्राध्यापक डॉ सुमन पांडे की पुस्तक का विमोचन भी किया गया।

## प्रौद्योगिकी और नवाचार से खुल रहे नए रास्ते

मुख्य अतिथि डॉ संजय तिवारी ने विषय की प्रासंगिकता का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रौद्योगिकी एवं नवाचार ने पूरी तरह व्यापार और प्रबंधन को बदल दिया है और ये केवल व्यावसायिक लागत को कम नहीं कर रहे हैं बल्कि नए रास्ते भी खोल रहे हैं। ई कॉमर्स और डिजिटल मार्केटिंग ने छोटे व्यवसायों को दुनिया भर के ग्राहकों तक पहुंचाया है। सोशल मीडिया और ऑनलाइन मार्केटिंग ने पारंपरिक विज्ञापनों की जगह ले ली है जिससे कम लागत में सटीक ग्राहकों तक पहुंच बनी है। उन्होंने भारत के सोने की चिड़िया कहे जाने की व्याख्या करते हुए कहा कि यहां के वस्त्र, मसाले और खाद्य सामग्री का बड़ा वैश्विक व्यापार था और बदले में सोना हमें मिलता था।आज भी हम इस प्रतिस्पर्धा की होड़ में कहीं भी कम नहीं है, हमारा मानव संसाधन, तकनीक का लोहा पूरी दुनिया मानती है।

धर्म लाइव

# जोगीगुफा मंदिर में पहली बार महाशिवरात्रि की तैयारी शुरू



**दुर्ग।** नवनिर्मित जोगी गुफा मंदिर प्रांगण में आगामी महाशिवरात्रि उत्सव को लेकर एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में हरदी सहित नंदिनी खुंदनी, पथरिया, सहगांव, गोता, माटरा, खजरी, दारगांव और आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु और ग्रामीण शामिल हुए। बैठक में तय किया गया कि इस वर्ष महाशिवरात्रि का पर्व भव्य रूप से मनाया जाएगा। धार्मिक अनुष्ठान, रात्रि जागरण, भजन-कीर्तन, महाप्रसाद वितरण और शोभायात्रा जैसे कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा हुई। ग्रामीणों ने आयोजन को सफल बनाने के लिए जिम्मेदारियों का बंटवारा भी किया। मंदिर परिसर की साफ-सफाई, रोशनी की व्यवस्था, पेयजल, सुरक्षा और पार्किंग को लेकर सुझाव दिए गए और अलग-अलग टीमों को जिम्मेदारी सौंपी गई। ग्रामीणों का कहना है कि जोगी गुफा मंदिर क्षेत्र में हर वर्ष महाशिवरात्रि का आयोजन होता है, लेकिन इस बार इसे और अधिक यादगार और ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया गया है।

**स्टेशन मरोदा में अघोरी तांडव नृत्य के साथ आज निकलेगी शिवजी की बारात :** भिलाई। बटुकेश्वर धाम सेवा समिति न्यू मार्केट स्टेशन मरोदा के तत्वावधान में 14 फरवरी को शिव जी की बारात निकाली जाएगी। संयोजक जीवन साहू ने बताया कि बारात में विशेष आकर्षण अघोरी का तांडव नृत्य, मां काली का झांकी , शिव पार्वती की झांकी व पालकी निकलेगी। इसी के साथ ही जय लिंगों बाबा आदिवासी मांदरी नृत्य दल, मीगवाही भानुप्रतापपुर के कलाकारों द्वारा सुआ नृत्य, पंथी नृत्य भी बारात के साथ-साथ चलेगी। 15 फरवरी को महारूद्र अभिषेक कार्यक्रम सुबह 11 बजे होगा। 16 फरवरी को महाभोग विशाल भंडारा दोपहर एक बजे से और रात 8 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम अंतस बालोद लोक कला मंच द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी।

कल भोले की बारात

# भिलाई में भोले बाबा की बारात से पहले हुआ संगीत संध्या का आयोजन, दुकालू ने बांधा समां

**भिलाई।** में महाशिवरात्रि की तैयारियां तेज हो चुकी हैं। 15 फरवरी को शहर में भोले बाबा की बारात से पहले भव्य संगीत संध्या का आयोजन किया गया, जिसने पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया।



बोलबम सेवा एवं कल्याण समिति द्वारा भिलाई में पिछले 17 वर्षों से भोले बाबा की बारात निकल रही है और इस बार आयोजन का 18वां वर्ष है। समिति के प्रदेश अध्यक्ष दया सिंह ने बताया कि बारात को देखने के लिए देश और प्रदेश के अलग अलग हिस्सों से श्रद्धालु पहुंचते हैं। इस बार आयोजन को और अधिक आकर्षक और यादगार बनाने की तैयारी की गई है। बारात को सफल बनाने के लिए समिति के पदाधिकारी, युवा विंग, महिला विंग और सदस्य पिछले दो महीनों से लगातार तैयारियों में जुटे हैं। आयोजन के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल रामेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, पूर्व मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह सहित कई केंद्रीय मंत्री, पूर्व मंत्री, जनप्रतिनिधि, समाज प्रमुख और साधु संतों को आमंत्रण भेजा गया है। आयोजकों का कहना है कि अधिकांश गणमान्य अतिथियों ने आने की सहमति दी है।



गुरुवार रात 8 बजे से शुरू हुई संगीत संध्या में भगवान भोलेनाथ के भजनों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। भजन सम्राट दुकालू जी की प्रस्तुति ने ऐसा माहौल बनाया कि पूरा स्थल मानो कैलाश पर्वत में बदल गया हो। भक्तजन देर रात तक भक्ति रस में डूबे रहे। संगीत संध्या में उद्योगपति विजय गुप्ता, सुनील गोयल, नेता प्रतिपक्ष भोजराम सिंहा, बृजेश विचपुरिया, चिन्ना केशवलु , पार्षद चंद्रवाशी, नोहर वर्मा, मंजू मिश्रा, के पुष्पा राव आदि उपस्थित थे।

आयोजन

# शतरंज को लेकर दिलाई नई पहचान



**भिलाई।** बीएसपी के सहायक महाप्रबंधक और अंतरराष्ट्रीय शतरंज खिलाड़ी अलंकार भिवगड़े प्रदेश में शतरंज की नई पीढ़ी को तैयार कर रहे हैं। बीएसपी और भिलाई चेस क्लब के माध्यम से प्रशिक्षित नए खिलाड़ियों से उन्हें बड़ी संभावनाएं हैं। उल्लेखनीय है कि श्री भिवगड़े ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आर्बिटर के रूप में प्रदेश को पहचान दिलाई है। उन्हें वर्ष 2016 में फिडे ऑर्बिटर, 2018 में फिडे इंस्ट्रक्टर तथा 2019 में इंटरनेशनल ऑर्बिटर का खिताब प्राप्त हुआ। उन्होंने अज़रबैजान कजाकिस्तान सहित अनेक देशों में आयोजित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका निभाई है। वर्ल्ड चेस ओलंपियाड, वर्ल्ड यूथ चेस ओलंपियाड, कॉमनवेल्थ चेस चैंपियनशिप आदि मंचों पर छत्तीसगढ़ को भी विश्व शतरंज मानचित्र पर स्थापित किया। उनकी फिडे इंटरनेशनल रेटिंग 2152 है। वर्ष 2016 से भिलाई चेस क्लब के माध्यम से अलंकार भिवगड़े भिलाई एवं छत्तीसगढ़ के बच्चों को नियमित रूप से शतरंज प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। यह चेस क्लब भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा प्रायोजित है, जिसके द्वारा ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविरों व कोचिंग ग शिविरों में बच्चे खेल की बारिकियां सीखते हैं।

## प्रथम तीर्थंकर देव आदिनाथ और श्रेयांश नाथ के ज्ञान कल्याणक दिवस पर हुआ अभिषेक



**भिलाई।** त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर-6 में प्रथम तीर्थंकर देव आदिनाथ और श्रेयांश नाथ के ज्ञान कल्याणक दिवस पर मंगल अभिषेक का कार्यक्रम हुआ। इसके साथ शांतिधारा के साथ पूजन भक्तों ने किया। शांति धारा का सौभाग्य ज्ञानचंद, ललिता देवी, गौरव बाकलीवाल, प्रवीण छाबड़ा को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर प्रदीप साधना, प्रमोद आशा, अरुण, सुनीता, अक्षत, दीक्षा जैन मौजूद थे। आदिनाथ भगवान और श्रेया नाथ भगवान की प्रतिमा के समक्ष भक्ति भाव से वंदन करते हुए श्रीफल अर्पण किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद थीं।

23 प्रतिभागियों ने रजिस्ट्रेशन कराया, जिसमें से 15 लड़की व 8 लड़के

कार्नर न्यूज

# परिचय सम्मेलन में राज्य के अलग-अलग राज्यों से पहुंचे युवक-युवती

## प्रतिभावान विद्यार्थियों का किया सम्मान

**भिलाई।** सतनाम समिति रिसाली के तत्वावधान में सतनाम भवन में छत्तीसगढ़ स्तरीय युवक- युवती परिचय सम्मेलन और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मेलन में प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों से 23 प्रतिभागियों ने रजिस्ट्रेशन कराया, जिसमें से 15 लड़की व 8 लड़के शामिल हैं। इन्होंने अपने बायोडाटा के साथ पात्र परिचय मंच में उपस्थित होकर दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर थे। अध्यक्षता अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्शेवाडा ने की। विशेष अतिथि नेहरू नगर वार्ड 4 की पार्षद चंद्रेश्वरी बांधे, अध्यक्ष सतनामी समाज महिला विंग डॉ. पार्वती कुर्रे, शीतल कोठारी अध्यक्ष तहसील समाज दुर्ग, बीएल कुर्रे अध्यक्ष सतनामी सतनाम भवन सेक्टर 6 भिलाई, पार्वती ढीढी अध्यक्ष सतनामी महिला जागृति समिति भिलाई, बसंती गायकवाड उपाध्यक्ष तहसील सतनामी समाज दुर्ग, अहेंद्र चेलक महासचिव युवा सतनामी समाज रायपुर, रामेश्वरी गायकवाड समाजसेवी, डॉ. आर गुलशन अध्यक्ष सतनाम भवन रिसाली, संध्या बंजारे अध्यक्ष मिनीमाता महिला समिति रिसाली सेक्टर भिलाई उपस्थित थे।





## इस तरह के आयोजन होने से समाज के लिए अतुलनीय कार्यः ललित

मुख्य अतिथि ललित चंद्राकर ने कहा कि इस तरह के आयोजन होने से समाज के अतुलनीय कार्य सतनाम समिति के द्वारा किया जा गया है। इससे समय और धन की बजट होती है। ऐसे आयोजनों में वर और वधु को अपने जीवन साथी के बारे में पूरी जानकारी एक ही जगह बायोडाटा के माध्यम से मिल जाता है। कार्यक्रम स्थल पर सेहत की 10 पैरामीटर का हेल्थ कैम्प लगाया गया था। सभी अतिथियों को सतनाम समिति के संयोजक दिलीप कुर्रे संरक्षक साहेबदास जांगड़े, शीतल कोठारी , शेष जांगड़े , गौरकरण माण्डले, चंद्रवती कुर्रे, एलएन गायकवाड, चंद्रावती कुर्रे द्वारा प्रतीक चिन्ह देकर किया गया। साथ ही सामाजिक एवं शिक्षा सहित अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बालक दास डाहरे, लक्ष्मी नारायण गायकवाड , शकुन्तला गायकवाड , सुनील बांधे का सम्मान किय गया। इस अवसर हीमैन चतुर्वेदी, दुर्गा चतुर्वेदी, तनुजा बघेल, संतराम, दुर्गा दास, शिव कुमार, अंजोर दास, गरीबा, मिलन बंजारे, अशोक गायकवाड आदि उपस्थित थे।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

# बैड बनी ने इंस्टा पर 53.3 मिलियन फॉलोअर्स को दिया तगड़ा झटका



प्यूर्टो रिको के सिंगर और रैपर बैड बनी के इंस्टाग्राम से उनके सारे पोस्ट और यहां तक कि प्रोफाइल फोटो भी गायब हैं। इसके चलते बेनिटो एंटोनियो मार्टिनेज ओकासियो उर्फ बैड बनी सुर्खियों में हैं। प्यूर्टो रिको के सिंगर और रैपर ने जहां इस साल 2026 में अपना पहला ग्रैमी अवॉर्ड जीता, वहीं 'सुपर बाउल हाफटाइम' के दौरान उनकी 13 मिनट की परफॉर्मेंस ने भरदम शोर मचा रखा है। इतना कि अमेरिकी राष्ट्र पति डोनाल्ड ट्रंप और उनके नेतृत्व वाली राइट-विंग अमेरिकी आबादी बुरी तरह बिफरी हुई है। एक ओर जहां बैड बनी की तारीफ हो रही है, वहीं ट्रंप और उनके सपोर्टर का गुस्सा सातवें आसमान पर है, जिन्होंने इस परफॉर्मेंस को 'बहुत ही खराब' कहा है। लेकिन इस पूरे विवाद और शोर के बीच बैड बनी के इंस्टौग्राम अकाउंट से सारे पोस्टे गायब हो गए हैं। समझा जा रहा है कि सिंगर ने खुद ही अपने प्रोफाइल से सब डिलीट कर लिया है! उनके इस फैसले ने हर किसी को चौंका दिया है, क्योंकि इंस्टालग्राम पर उनके 53.3 मिलियन से अधिक फॉलोअर्स हैं।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से सिंगर के सभी पोस्ट गायब हैं। उन्हों ने प्रोफाइल फोटो हटा दी है। यह एक बड़ा रीसेट है, जो आम तौर पर किसी टेक्निकल दिक्कत के कारण होता है। लेकिन ऐसा लग रहा है कि इस मामले में यह जानबूझकर लिया गया फैसला है। इसकी वजह है ऐसा करने की टाइमिंग। सुपर बाउल में उनकी परफॉर्मेंस के बाद जिस तरह की प्रतिक्रिया आई है, लगता है कि उससे परेशान होकर सिंगर ने यह फैसला किया है।

### टॉलीवुड

# ब्रांड एंबेसडर बनकर विवादों में तमन्ना, सांसद बोले- कन्नड़ एक्ट्रेस क्यों नहीं



कर्नाटक की 108 साल पुरानी विरासत 'मैसूर चंदन साबुन' फिर से अपने प्रोडक्ट मार्केट में ला रहा है। इसकी ब्रांड एंबेसडर तमन्ना भाटिया को बनाया गया है और इस बात तो लेकर बहस छिड़ गई है कि कोई कन्नड़ एक्ट्रेस इस ब्रांड का चेहरा क्यों नहीं है।

लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्री एम.बी. पाटिल ने मैसूर चंदन साबुन के दोबारा आने की घोषणा की और बताया कि के.एस.डी.एल. ने 2030 तक अपना एनुवल कारोबार बढ़ाकर 5,000 करोड़ रुपये करने का लक्ष्य रखा है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में पाटिल ने लिखा, 'एक सदी से अधिक की विरासत, अब एक स्पष्ट दृष्टिकोण के साथ भविष्य की ओर मजबूती से कदम बढ़ा रही है! कर्नाटक सोप्स एंड डिटर्जेंट्स लिमिटेड (के.एस.डी.एल.) एक नए चरण में प्रवेश कर रही है।'

पाटिल ने कहा, 'डिजिटल मार्केटिंग, निर्यात विस्तार और नवाचार पर ध्यान देते हुए, केएसडीएल का लक्ष्य 2030 तक 5,000 करोड़ रुपये का कारोबार हासिल करना है - यह कर्नाटक सरकार का इसे वैश्विक ब्रांड बनने की दिशा में एक साहसिक कदम है।' सोशल मीडिया पोस्ट में ब्रांड एंबेसडर तमन्ना भाटिया की तस्वीर वाला एक पोस्टर था।

भाजपा सांसद के. सुधाकर ने इसे कांग्रेस की 'कन्नड़ विरोधी मानसिकता' करार दिया। कांग्रेस को गद्दार पार्टी बताते हुए सुधाकर ने लिखा, 'हमारे अपने कन्नड़ क्षेत्र में कई स्टार्स होने के बावजूद, कांग्रेस सरकार ने करोड़ों रुपये देकर कर्नाटक के प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय ब्रांड मैसूर सैंडल सोप का ब्रांड एंबेसडर बनने के लिए दूसरे राज्य और दूसरी भाषा की एक फिल्म एक्ट्रेस को नियुक्त किया है।

### भोजपुरी

# अभिनेत्री ने मायानगरी में खरीदा आलीशान घर, शेयर कीं फोटो



भोजपुरी इंडस्ट्री के सितारे खूब लाइमलाइट में रहते हैं। कोई अपने नए गाने को लेकर ट्रेंड में रहता है तो कोई एक्शन से भरपूर फिल्मों के लेकर। अब एक भोजपुरी अदाकारा चर्चा बटोर रही हैं। वजह है, उनका नया घर। ये एक्ट्रेस हैं, काजल राघवानी। काजल ने नया घर लिया। चाबियां फ्लॉन्ट करते हुए उन्होंने अपने घर की फोटोज भी शेयर की हैं। काजल राघवानी ने आज अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने फोटोज शेयर की हैं, जिसमें वे फ्लैट की चाबियां लेती दिख रही हैं। इसके बाद उन्होंने अपने नए घर के होम टूर की झलक भी शेयर की हैं। काजल नए घर की चाबियां हाथ में लेकर फ्लॉन्ट करती दिख रही हैं। बालकनी से उन्होंने पोज दिए हैं, जहां से काफी अच्छा व्यू दिख रहा है।

तस्वीरें शेयर करते हुए काजल ने कैप्शन लिखा है, 'गणपति बप्पा मोरया मंगल मूर्ति मोरया', 'नमः पार्वती पते हर हर महादेव'। काजल ने यह फ्लैट मुंबई के नॉर्थ बर्सिलोना में लिया है। एक्ट्रेस को नए घर के लिए फैंस बधाई दे रहे हैं। सेलेब्स भी उन्हें शुभकामनाएं दे रहे हैं। चर्चित भोजपुरी एक्ट्रेस रानी चटर्जी ने भी बधाई देते हुए कमेंट किया है। काजल राघवानी भोजपुरी इंडस्ट्री की चर्चित अदाकारा हैं। उन्होंने 16 साल की उम्र में अभिनय की शुरुआत की थी। हालांकि, उन्होंने करियर गुजराती इंडस्ट्री से शुरू किया। 16 साल की उम्र में काजल को गुजराती फिल्म में काम करने का ऑफर मिला।

## शाही शान

शेरवानी शाही शान की पहचान है, इसलिए शादियों के लिए बिल्कुल पहली पसंद है। यह आउटफिट भारतीय संस्कृति का एक अहम हिस्सा है और शाही लुक देता है। सिल्क शेरवानी, पेस्टल शेरवानी और अनारकली स्टाइल शेरवानी को आज के नौजवान शादी के फैशन में तरजीह दे रहे हैं।



लाइफ स्टाइल

# चाहिए इंस्टेंट ग्लो तो फॉलो करें ये टिप्स, घंटे भर में दमकेगा चेहरा

यदि आपको भी आप कहीं डेट पर जाना है लेकिन पार्लर जान का समय नहीं मिल रहा तो हम यहां आपको कुछ ऐसे स्क्रब और फेस पैक के बारे में बताएंगे, जिसके इस्तेमाल से आपका चेहरा खिल उठेगा। इन फेस-पैक के इस्तेमाल से लिए आपको पैसे ख4च करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस्तेमाल से पहले बस पैच टेस्ट करें, और चेहरे को दमकाने में इसका उपयोग करें।

### चीनी और शहद का स्क्रब

इस स्क्रब को बनाना काफी आसान है। इसके लिए सबसे पहले चीनी, शहद और नींबू का रस अच्छे से मिला लें। इस मिश्रण को चेहरे पर लगाकर हल्के हाथों से सर्कुलर मोशन में मसाज करें। मसाज के बाद चेहरे को गुनगुने पानी से धो लें। इस स्क्रब से चेहरा काफी खिल उठेगा।

### ओटमील और दही का स्क्रब

ये स्क्रब बनाना काफी आसान है। इसके लिए सबसे पहले आपको ओटमील और दही का पेस्ट तैयार करना है। स्क्रब तैयार करने के बाद इस मिश्रण को चेहरे पर लगाकर 5-7 मिनट तक हल्के हाथों से मसाज करें। अब आखिर में चेहरा धो लें। इस स्क्रब से त्वचा पर ताजगी आती है।

### बेसन और हल्दी का पैक



बेसन और हल्दी का पैक बनाने के लिए एक चम्मच बेसन, 1/4 चम्मच हल्दी और 1-2 चम्मच दूध चाहिए। सबसे पहले सभी सामग्री को अच्छे से मिला लें और एक पेस्ट बना लें। अब पेस्ट को चेहरे और गर्दन पर लगाएं और 15-20 मिनट तक सूखने दें। कुछ देर चेहरा सुखाने के बाद धो लें। ये फेस पैक चेहरे को ग्लोंइग इफेक्ट देता है।

### एलोवेरा और गुलाब जल फेस पैक

एलोवेरा जेल तो तकरीबन हर घर में पाया जाता है। ऐसे में आप एलोवेरा जेल और गुलाब जल को अच्छे से मिला लें।

# एलिगेंट लुक के लिए पहनें खास तरह के फ्लेयर्ड अनारकली सूट



मार्केट में आपको कई तरह के सूट मिल जाएंगे जिन्हें आप कई सारे खास मौकों पर स्टाइल कर सकती हैं। लेकिन, अगर आप न्यू और एलिगेंट लुक चाहती हैं तो आप ये फ्लेयर्ड अनारकली सूट वियर कर सकती हैं। इस तरह की फ्लेयर्ड अनारकली सूट आपके लुक को स्टाइलिश और एलिगेंट बनाने में मदद करेंगे और इस तरह का सूट आप कई सारे खास मौकों पर स्टाइल कर सकती हैं।



### राउंड नेक डिजाइन अनारकली सूट

अगर आप रॉयल लुक चाहती हैं तो आप इस तरह के अनारकली सूट स्टाइल कर सकती हैं। यह सूट आप किस फैमिली फंक्शन या पूजा के दौरान वियर कर सकती हैं और इस सूट में आपका लुक बेहद ही खूबसूरत नजर आएगा। ये आपको हैवी और लाइट दोनों पैटर्न में मिल जाएगा और इसे आप 1,000 से 2,000 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं। इस सूट के साथ पर्ल वर्क वाले झुमके साथ ही फुटवियर में आप फ्लैट्स स्टाइल कर सकती हैं।



### एम्ब्रॉयडरी वर्क अनारकली सूट

अगर आप शादी या सगाई के किसी फंक्शन में शामिल हो रही हैं तो आप इस तरह के एम्ब्रॉयडरी वर्क अनारकली सूट का चुनाव कर सकती हैं। इस तरह के सूट में आपका बेहद ही अलग और खूबसूरत नजर आएगा। एम्ब्रॉयडरी वर्क में आपको इस तरह का सूट कई सारे कलर और डिजाइन ऑप्शन के साथ 1,500 से 2,000 रुपये की कीमत में मिल जाएगा। इस सूट के साथ आप चोकर स्टाइल कर सकती हैं साथ ही फुटवियर में आप हील्स पहन सकती हैं।

### फ्लोरल प्रिंट अनारकली सूट

इन दिनों फ्लोरल प्रिंट आउटफिट काफी ट्रेंड में है और एलिगेंट लुक पाने के लिए आप इस तरह के फ्लोरल प्रिंट अनारकली सूट का चुनाव कर सकती हैं।

# कर्ली बाल हो सकते हैं शाइनी और सॉफ्ट, उठाएं जरूरी

कर्ली बालों को सॉफ्ट और शाइनी बनाने के लिए आप इस आर्टिकल में बताई गई टिप्स को फॉलो कर सकती हैं और इन टिप्स को सही तरह से फॉलो करने से बालों को ग्रोथ भी अच्छी रहेगी साथ ही सुंदर भी नजर आएंगे।



### कंघी का न करें इस्तेमाल

बाल शाइनी और सॉफ्ट हो इसके लिए आप बालों पर कंघी का इस्तेमाल न करें। कर्ली बालों को कंघी करने से ये डैमेज हो जाते हैं और इस वजह से इनकी चमक भो खो जाती है। वहीं ये समस्या न हो इसके लिए आप बड़े दांत वाले कंघी का इस्तेमाल करें।

### बालों पर जरूर करें कंडीशनर का इस्तेमाल

अगर आप चाहती है कि आपके बाल सिल्की और शाइनी नजर आए तो आप इन्हें धोने के बाद कंडीशनर का इस्तेमाल जरूर करें। कंडीशनर का इस्तेमाल आप बाल सिल्की होते हैं और इनकी चमक भी बनी रहती है।

हीटिंग टूल्स न करें इस्तेमाल

कर्ली बाल के खराब होने की वजह हीटिंग टूल्स भी है। दरअसल, घुंघराले बाल मुलायम होते है और हीटिंग टूल्स का इस्तेमाल करती हैं तो बाल खराब हो जाते हैं। वहीं अगर आप बालों हेयर ड्रायर का इस्तेमाल करती हैं तो इस वजह से बाल खराब हो जाते हैं। इस वजह से बाल हीटिंग टूल्स का इस्तेमाल न करें।

### बालों को टॉवल न रगड़े

बाल हेल्दी और इनकी चमक बनी रहे इसके लिए धोने के बाद इन्हें सुखाने के बाद टॉवल को न रगड़े। अगर आप बालों को धोने से रगड़ने से आप बाल फ्रिजी हो सकते हैं।

# पैरों की चमक लौट आएगी इन टिप्स से

बदलते मौसम का असर जहां सेहत और स्किन पर होता है तो वहीं इस दौरान पैरों पर खास ख्याल रखना पड़ता हैं। दरअसल, तापमान और नमी में बदलाव के कारण पैरों की त्वचा रुखी हो जाती है और इस दौरान अगर आप इनकी केयर नहीं करती हैं तो पैरों की स्किन ड्राई हो जाती हैं साथ हो फटने भी लगते हैं। वहीं बदलते मौसम पैरों की खो हुई चमक वापस लाने और इन्हें खूबसूरत बनाए रखने के लिए आप इस टिप्स को फॉलो कर सकती हैं।



### नहाने से पहले करें पैरों की मसाज

पैरों की ड्राईनेस को खत्म करने के लिए आप इनकी अच्छे से मसाज करें और ये काम आप नहाने से पहले करें। नहाने से पहले आप तेल की मदद से पैरों की मसाज करें। वहीं इसके बाद नहा लें और पैरों को भी अच्छी तरह से धो लें। इसके बाद आप पैरों को अच्छी तरह से मॉइस्चराइज कर लें। ऐसे करने से पैरों की ड्राईनेस की समस्या कम होगी साथ ही पैर कोमल और सुंदर नजर आएंगे।

### करें पेट्रोलियम जेली का इस्तेमाल

पैरों को चमकदार बनाए रखने के लिए आप पेट्रोलियम जेली का इस्तेमाल करें और ये काम रात के समय करें। रात को सोने से पहले पैरों पर पेट्रोलियम जेली का इस्तेमाल करने से ये खूबसूरत हो सकते हैं। रात को सोने से पहले आप पैरों को अच्छी तरह से धो लें और इन्हें अच्छी तरह से पोंछकर पेट्रोलियम जेली अप्लाई करें। इसके बाद आप मसाज करें और इन्हें कवर कर लें।

### इन बातों का भी रखें ध्यान

पैरों को हफ्ते में दो दिन अच्छी तरह साफ करें। पैरों की डेड स्किनको हटाने के लिए हफ्ते में 2 दिन का स्क्रब का इस्तेमाल जरूरकरें। नहाने के बाद पैरों को मॉइश्चराइज जरूरकरें साथ ही उन्हेंकवर भी करें।

## कार्नर न्यूज

सही कपड़ों का चुनाव और उन्हें सही तरीके से पहनना बेहद जरूरी

# कम खर्च में भी आप दिख सकते हैं स्टाइलिश संवरने बस रखना होगा इन बातों का ध्यान

अच्छा लुक न सिर्फ आत्मविश्वास बढ़ाता है, बल्कि आपकी पर्सनैलिटी को भी निखारता है। ऐसे में सही कपड़ों का चुनाव और उन्हें सही तरीके से पहनना बेहद जरूरी है। आज के समय में युवाओं पर ब्रांडेड कपड़े पहनने का काफी क्रेज है। खासतौर पर बात करें नयी पीढ़ी की तो युवाओं को लगता है कि वो जितने महंगे कपड़े पहनेंगे, उनका लुक उतना ही स्टाइलिश लगेगा। जबकि ऐसा नहीं है। आप सस्ते कपड़े खरीद कर भी अपने लुक को स्टाइलिश दिखा सकते हैं। इसके लिए आपको सिर्फ कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। इसी बारे में आज हम आपको जानकारी देने जा रहे हैं।

### जगह और कार्यक्रम का रखें ध्यान

कपड़े हमेशा कपड़े और जगह के हिसाब से ही कपड़ों का चयन करना चाहिए। हर अवसर के लिए अलग तरह के कपड़े होते हैं। जैसे कि आप दफ्तर में ज्यादा चमकीले कपड़े पहनकर नहीं आ सकते, वहां आपको सिंपल और सोबर कपड़े ही पहनने चाहिए। ऐसे ही पार्टी के लिए स्टाइलिश आउटफिट और कैजुअल लुक के लिए आरामदायक ड्रेस पहनें।



### फिटिंग होनी चाहिए

आपके कपड़े यदि गलत फिटिंग के होंगे तो वो आपका लुक बिगाड़ सकते हैं। इसलिए हमेशा अपने बॉडी टाइप के हिसाब से सही फिटिंग के कपड़े चुनें, जिससे आप स्मार्ट और आकर्षक दिखें।

### करें सही रंगों का चयन

यदि आप गलत कलर कॉम्बिनेशन के कपड़ों का चयन करेंगे तो इससे भी आपका लुक बिगड़ सकता है।आजकल सिंपल कपड़ों का ट्रेंड है, ऐसे में बहुत ज्यादा चमकीले रंग या असंगत रंग संयोजन से बचें। इसलिए हमेशा हल्के और गहरे रंगों को बैलेंस करके पहनें।

### हैवी एक्सेसरीज से रहें दूर

कभी भी अच्छा लुक पाने के लिए जरूरत से ज्यादा एक्सेसरीज पहनने से बचें, ये आपके लुक को खराब कर सकती हैं। हमेशा घड़ी, बेल्ट, शूज और बैग जैसे जरूरी एक्सेसरीज को पहनकर अपना लुक सिंपल और एलिगेंट रखें।

### कपड़े पहनते समय मौसम जरूर देखें

यदि आप मौसम के हिसाब से कपड़े नहीं पहनेंगे तो आपको ही काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। जैसे कि गर्मियों में हल्के और सूती कपड़े चुनें, जबकि सर्दियों में वॉर्म और लेयर्ड ड्रेसिंग पर ध्यान दें।

कपड़े होने चाहिए साफ

कपड़े भले ही महंगे न हों, लेकिन अगर वे अच्छे से धुले और प्रेस किए हुए हैं, तो आपका लुक शानदार लगेगा। अगर आप गंदे कपड़े पहनेंगे तो वो भले चाहे कितने भी महंगे हों लेकिन आपका लुक बिगाड़ देंगे।

